# ट्रेडमार्क का प्रयोग दूध सप्लाई पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंपनी के अधिकारी ने दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट चकेरी थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार।** बच्चों का दूध बनाने वाली कंपनी के एक अधिकारी ने धोखेबाजों पर पर फर्जी फर्म खोल कर ट्रेडमार्क उपयोग कर माल सप्लाई करने का आरोप लगाया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तीन आरोपियों के खिलाफ चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है।

श्याम नगर निवासी इमरान खान ने बताया कि उनकी कंपनी एल्विना हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड रजिस्टर्ड कंपनी है, जो बच्चों का दूध बनाने का काम करती है। अगस्त 2023 को उन्हें जानकारी हुई कि गदियाना में फिरोजाबाद के हजरतगंज गालिब नगर निवासी मोहम्मद रिहान, अनवार हुसैन और इमरान फर्जी कंपनी बनाकर उनकी कंपनी का ट्रेडमार्क इस्तेमाल कर दूध की सप्लाई करते हैं।

इस पर उन्होंने आरोपी रिहान से कई बार विरोध जताया, इसके बावजूद आरोपी बाज नहीं आए। आरोप है कि पांच मई को दोबारा शिकायत करने पर रिहान ने उसे धमकी दी।

जिसके बाद पीड़ित ने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि तहरीर पर धोखाधड़ी, धमकाने समेत अन्य धाराओं में ममाला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अब मंथली पास बनवाइए, स्वीमिंग का लुत्फ उठाइए

**बदली व्यवस्था**

- पहली जून से नानाराव तरणताल में लागू होगी पास व्यवस्था
- भीड़ को कंट्रोल करने के लिए स्मार्ट सिटी ने बनाई योजना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच खुला नानाराव पार्क का तरणताल हिट हो गया है। नगर निगम व कानपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारी व कर्मचारी यहां प्रतिदिन आने वाली भीड़ को संभाल नहीं पा रहे हैं। तरणताल में प्रवेश को लेकर भीड़ कई बार उग्र हो जा रही है और तोड़-फोड़ कर रही है। इसे देखते हुए अब एक जून से यहां मंथली पास व्यवस्था लागू होने जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एक जून से अब मंथली पास बनाया जाएगा। बच्चों को स्वीमिंग सिखाने के लिए यहां प्रशिक्षण भी शुरू किया जाएगा।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर सात अप्रैल को तरणताल में तैराकी का ट्रायल रन हुआ था। तरणताल के खुलने के बाद से ही यहां शहर भर से लोग तैराकी करने के लिए पहुंचने लगे। निःशुल्क होने की वजह से आलम यह रहा कि एक दिन में 500 से अधिक लोग पहुंचे, जिससे तरणताल में तैनात कर्मचारियों के हाथ- पांव फूल गए। व्यवस्था को बनाए रखने और लोगों को अच्छी ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से पिछले दिनों स्मार्ट सिटी ने 50 रुपये का टिकट लगा दिया था। इसके बाद भी यहां युवाओं की भीड़ बढ़ती गई।



नानाराव पार्क में प्रवेश के लिए लगी युवाओं की कतार। अमृत विचार



भीषण गर्मी में तरणताल का मजा लेते युवा। अमृत विचार

22 मई की शाम तो प्रवेश को लेकर युवा उग्र हो गये और जाली तोड़ दी। इसके बाद से नगर निगम ने यहां ड्रेस कोड समेत कई नियमों को लागू कर दिया। एक दिन में 500 से ज्यादा युवा यहां पहुंच रहे हैं। जो लोग स्वीमिंग ड्रेस के लिये तय किये परिधान लेकर नहीं आ रहे हैं, उन्हें लौटाया जा रहा है। अधिशाषी अभियंता प्रोजेक्ट आरके सिंह ने बताया कि भीड़ को देखते हुए फैसला लिया गया है कि एक जून से मंथली पास बनाया जाएगा। पास के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

**युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

अधिशासी अभियंता आरके सिंह ने बताया कि यहां आने वाले युवाओं को स्वीमिंग का प्रशिक्षण भी देने की शुरुआत की जाएगी। प्रशिक्षित ट्रेनर स्वीमिंग की बारीकियां सिखाएंगे। इसके लिये ट्रेनर और लाइफ सपोर्ट गार्ड की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निम्न आय वर्ग के युवाओं को भी सरकारी सुविधा का लाभ मिले, इसको ध्यान में रखकर ही मंथली शुल्क निर्धारित किया जायेगा।

# हैलट में अगले हफ्ते से मेडिसिन इमरजेंसी

## मौजूदा इमरजेंसी के सामने बनाया गया 30 बेड का वार्ड, सभी ऑटोमेटिक बेड में रिमोट की होगी सुविधा

**तैयारी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट इमरजेंसी के सामने वार्ड नंबर एक में बनी मेडिसिन इमरजेंसी

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल की इमरजेंसी के सामने वार्ड नंबर एक में मेडिसिन इमरजेंसी बनाई गई है, जहां पर मरीजों को ऑटोमेटिक बेड की सुविधा मिलेगी। यह इमरजेंसी 30 बेड की है। इसकी खासियत यह है कि यहां के सभी बेड में दो-दो रिमोट लगे हैं, जिसके जरिए तीमारदार बेड को मरीज की सुविधा के अनुसार सेट कर सकते हैं। इसका लाभ वायरल बुखार, डायरिया, हीटस्ट्रोक व निमोनिया आदि के मरीजों को मिलेगा।





हैलट अस्पताल में बनकर तैयार मेडिसिन इमरजेंसी। अमृत विचार

हैलट अस्पताल में कानपुर के साथ ही करीब 17 जिलों के मरीज इलाज के लिए आते हैं। मरीजों की संख्या अधिक होने पर इमरजेंसी के मेडिसिन, सर्जरी और आर्थो यूनिट में बेड कम पड़ जाते हैं। ऐसे में मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करना पड़ता है। वहीं, सबसे अधिक दिक्कत किसी संक्रमण का प्रभाव लोगों में ज्यादा होने पर देखने को मिलता है। मरीजों को इमरजेंसी में बेड की कमी न हो सके, इसलिए बीते वर्ष जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला व उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरि ने हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह से वार्ता की।

सर्जरी के वार्ड नंबर एक में इमरजेंसी की मेडिसिन यूनिट बनाने का निर्णय लिया, जिसके बाद वार्ड नंबर एक में मेडिसिन इमरजेंसी कार्य शुरू हुआ। वर्तमान में यह मेडिसिन इमरजेंसी बनकर तैयार हो गई, जिसमें 30 बेड की सुविधा है और सभी बेड पर दो-दो रिमोट लगे हैं। इस इमरजेंसी में वायरल बुखार, डायरिया, हीट स्ट्रोक, निमोनिया व अन्य संक्रामक बीमारी समेत आदि मेडिसिन से संबंधित सभी मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसके साथ ही यहां के छह बेड पर वेंटिलेटर व मल्टी पैरामानीटर भी लगाए गए हैं। मेडिसिन इमरजेंसी चालू होने के बाद हैलट इमरजेंसी में मरीजों का लोड भी कम होगा और मरीजों को भी सहूलियत मिलेगी।

**ज्यादा मरीज होने पर होती अव्यवस्था**

हैलट इमरजेंसी में मरीजों की संख्या बढ़ने पर कई बार अव्यवस्था उत्पन्न हो जाती है। कई बार एक मरीज का दूसरे मरीज के तीमारदारों और डॉक्टरों का तीमारदारों या कर्मचारियों का तीमारदारों से विवाद भी हो जाता है, जिसके बाद दोनों ही पक्ष को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। संख्या अधिक होने पर एक बेड पर दो या तीन मरीज को भी भर्ती करना पड़ जाता है, जिससे अब निजात मिल सकती है।



मेडिसिन इमरजेंसी का निर्माण पूरा हो चुका है। इस इमरजेंसी में ऑटोमेटिक बेड लगाए गए हैं। इमरजेंसी का संचालन मई माह के अंत या जून के शुरुआती सप्ताह में किया जाएगा, ताकि गर्मी में अगर मरीजों की संख्या बढ़ती है तो उनको दिक्कत न हो सके।

–डॉ .आरके सिंह, प्रमुख अधीक्षक

# नल से पानी भरने के विवाद में बहन को पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** पटेल नगर में पानी भरने के विवाद में युवक ने बहन को लाठी डंडों से पीटा। इस दौरान महिला के हाथ टूट गए। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

पटेल नगर कच्ची बस्ती निवासी केसर ने बताया कि 20 मई की सुबह वह और उनकी बहू सोना घर पर अकेली थी। तभी उनका भाई गंगाराम उर्फ बहादुर शराब के नशे में आया और नल से पानी न भरने की बात कहने लगा। विरोध करने पर आरोनी ने केसर को लाठी डंडे से पीट दिया, जिससे उनके दोनो हाथ टूट गए। घटना के बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# ग्रीनपार्क में एस्ट्रो टर्फ निर्माण की जांच शुरू



जांच के लिए ग्रीनपार्क पहुंचे उप निदेशक एसएस मिश्रा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपी खेल निदेशालय के उप निदेशक ग्रीनपार्क पहुंचे

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में 2019 में बने एस्ट्रो टर्फ हॉकी के निर्माण में मिली खामियों की जांच फिर से चालू हो गई है। यूपी खेल निदेशालय के उप निदेशक खेल एसएस मिश्रा ने ग्रीनपार्क पहुंचकर उप निदेशक खेल आरएन सिंह से उस समय की पत्रावलियों के बारे में जानकारी ली और कई पत्रावलियां अपने साथ भी ले गए। अब मूल पत्रावली के लिए नगर निगम से संपर्क किया जाएगा।

एस्ट्रो टर्फ निर्माण में खामियां मिलने पर शासन स्तर पर पहले भी जांच बैठाई गई थी। उस समय क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी पर आरोप लगाया गया था कि वह पत्रावलियां अपने साथ ले गए हैं। वहीं तत्कालीन डीएम विशाख जी के आदेश पर एसीएम तृतीय के नेतृत्व में जांच कमेटी बनी थी। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी को दोषी मानते हुए उनके निलंबन व विभागीय कार्यवाही की संस्तुति डीएम ने शासन से की थी। उसी जांच को पूरा करने के लिए डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स कालेज के एसएस मिश्रा जांच के लिए ग्रीनपाक पहुंचे।

उन्होंने यहां डिप्टी डायरेक्टर आरएन सिंह से पूरे मामले को जाना। 2019 में ग्रीनपार्क स्टेडियम में 5-ए साइड हॉकी एस्ट्रो टर्फ का निर्माण हुआ था। 1.53 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया था। एसीएम तृतीय के नेतृत्व में निचली गंगा नहर और पीडब्ल्यूडी की तीन सदस्यीय कमेटी ने जांच की थी। कमेटी ने जांच के बाद पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी के निलंबन की संस्तुति की थी और विभागीय कार्रवाई के आदेश भी हुए थे।

एस्ट्रो टर्फ मामले में कुछ पत्रावली प्राप्त हुई हैं, लेकिन मूल पत्रावली अभी नहीं मिली है। इसके लिए जल्द नगर निगम से संपर्क किया जाएगा।

– एसएस मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स कालेज

एस्ट्रो टर्फ का निर्माण 14वें वित्त आयोग से कराया गया था। ग्रीनपार्क ने सिर्फ प्रस्ताव दिया था। फाइलों के संबंध में मुझसे संपर्क नहीं किया गया है। पत्रावली नगर निगम के पास है। शासन व खेल विभाग को नगर निगम से संपर्क करना चाहिए।

– अजय कुमार सेठी, पूर्व आरएसओ ग्रीनपार्क

# रसायनों के प्रयोग से उत्पाद पर पड़ता हानिकारक असर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बैठक के दौरान हुई चर्चा

**अमृत विचार।** रसायनों के अधिक प्रयोग से एक ओर जहां उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित होती है, वहीं मृदा का स्वास्थ्य बिगड़ने की आशंका भी रहती है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना रहती है, इसलिए जैविक कीटनाशकों का ही प्रयोग करें।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुई बैठक में विशेषज्ञों ने पर्यावरण अनुकूल कीटनाशकों के प्रयोग पर जोर दिया। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास की अंतर्राष्ट्रीय परियोजना के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप की रूपरेखा तैयार हुई। इसी कड़ी में सीएसए और हिंदुस्तान इंसेक्टिसाइड (इंडिया) लि. के मध्य एक बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए सीएसए के कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 2024-2028 की अवधि के दौरान राज्य के 22 जिलों में इस परियोजना को लागू किया जायेगा। बताया कि इस परियोजना में जो वैज्ञानिक कार्य करेंगे, उन्हें एक्सपोजर विजिट भी कराया जाएगा। साथ ही संयुक्त रूप से एक विस्तृत कार्य योजना बनाकर एमओयू किया जाएगा। तत्पश्चात परियोजना को शीघ्र ही मूर्त रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर हिंदुस्तान इंसेक्टिसाइड लि. के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कुलदीप सिंह, डॉ पीके सिंह, डॉ आरके यादव एवं डा. राम बटुक सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शॉर्ट सर्किट से अंडा गोदाम में लगी आग

**कानपुर।** जाजमऊ में शनिवार सुबह शॉर्ट सर्किट से अंडे के गोदाम में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

जाजमऊ के छबीलेपुरवा निवासी शकील अहमद का नई चुंगी में अंडे का गोदाम है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब छह बजे शॉर्ट सर्किट से गोदाम में आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। लपटें गोदाम से बाहर निकलने पर घटना की जानकारी हुई, जिस पर इलाके के लोगों ने शकील को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने आग को करीब आधे घंटे की मशक्कत कर बुझाया। जाजमऊ अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि जांच में प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।

# आरटीई : 19 स्कूलों में प्रवेश नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरटीई के तहत 19 स्कूलों में अब तक एक भी बच्चे का प्रवेश नहीं हुआ। इसका खुलासा हाल ही में जिला प्रशसन की ओर से 45 स्कूलों का दिए जाने वाली नोटिस में हुआ। खास बात यह है कि अब इन स्कलों को एक सप्ताह के भीतर अलॉट हुए सभी बच्चों के प्रवेश लिए जाने हैं। योजना के तहत फिलहाल तीन सूची जारी होने के बावजूद 9154 सीटों में सिर्फ 2479 बच्चों का ही प्रवेश हुआ है।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों की मनमानी चरम पर है। इसे लेकर लंबे समय से अभिभावक बेसिक शिक्षा विभाग में अपनी शिकायत दर्ज करा रहे थे। शिकायतों की जांच की गई तो शहर में ऐसे 19 स्कूल जद में आएं जिन्होंने तीन सूची जारी होने के बाद एक भी प्रवेश नहीं लिया था। इसी तरह 21 स्कूल ऐसे सामने आए जिन्होंने अपने कोटे के सिर्फ 20 फीसदी बच्चों को ही प्रवेश देकर खाना पूर्ती की थी। विभाग की ओर से ऐसे 45 स्कूलों को जद में लिया है। इन स्कूलों को हाल ही जिला प्रशासन की ओर से नोटिस भी जारी की गई है। अधिकारियों का दावा है कि सोमवार से सभी प्रवेश कराए जाएंगे।

**इन स्कूलों ने नहीं लिया प्रवेश**

- ओरियन द स्कूल मीरपुर, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, युनाईटेट पब्लिक स्कूल, ऐलन हाउस पब्लिक स्कूल, हलीम मुस्लिम इंग्लिस स्कूल, आदर्श स्कूल, किड्स प्री कान्वेंट स्कूल, प्रभात शिशु शिक्षा सदन स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, डॉ . वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल गोविंद नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल किदवई नगर, प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, कैंब्रिज हाईस्कूल स्काई लार्क, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, डीपीएस सर्वोदय नगर, पृथ्वीराज चौहान स्कूल, विन्यास पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल व स्कॉर्ट वर्ल्ड शामिल हैं।

**अब तक तीन सूची हुईं जारी**

- विभाग की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का प्रवेश निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए अब तक तीन सूची जारी की जा चुकी हैं। पहली सूची में 9,154 बच्चों को प्रवेश के लिए चयनित किया गया था। इसी तरह दूसरी सूची में 9,251 बच्चों का चयन निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए किया गया था। तीसरी सूची में 739 बच्चों का नाम प्रवेश के लिए आया था।

**पहली सूची से ही मनमानी**

- निजी स्कूलों की मनमानी मार्च में जारी हुई पहली सूची से ही शुरू हो गई थी। शिक्षा विभाग में अभिभावकों की ओर से आने वाली शिकायतों में यह साफ हुआ कि स्कूलों की ओर से पत्र न आने का बहाना किया जा रहा था। इस पर विभाग की ओर से अभिभावकों को सीधे पत्र जारी कर स्कूल तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

**मतगणना की तैयारी** नौबस्ता गल्ला मंडी में दो टीनशेड में जालियां लगाने का काम हुआ पूरा

# टेबल पर ही रहेंगे एजेंट, प्रत्याशी घूम सकेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बैरियर व बैरीकेडिंग लगाने के काम में तेजी, कर्मियों के बनने लगे पास

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मंडी नौबस्ता में मतगणना की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। मतगणना स्थल के चार चबूतरों में दो पर जालियां, बैरीकेडिंग लगाने का काम पूरा हो चुका है। एजेंटों व कर्मियों का पास बनना चालू है। मतगणना के दौरान एजेंट अपनी टेबल पर ही रहेंगे, जबकि प्रत्याशी को भ्रमण करने की अनुमति होगी। प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर की मौजूदगी में ही मतगणना होगी।

संसदीय क्षेत्र कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान के बाद मतगणना चार जून होगी। इसकी तैयारियां चालू हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि गल्लामंडी परिसर में चार चबूतरों पर मतगणना कराई जाएगी। जिसमें दो चबूतरों पर जाली व बैरीकेडिंग का का पूरा हो चुका है। बाकी बचे दो चबूतरों पर भी तेजी से काम चल रहा है। इसके बाद विधानसभावार 14-14 टेबलें लगाने का काम होगा।



लॉटरी सिस्टम के लिए आईं पर्चियों का मिलान करते कर्मचारी। अमृत विचार

**लॉटरी सिस्टम से निकाली जाएंगी पांच वीवीपैट**

मतगणना समाप्त के बाद प्रेक्षक की मौजूदगी में लॉटरी सिस्टम से पांच वीवीपैट निकाले जाएंगे। उसके बाद पर्चियों की गिनती कराई जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी को किसी तरह का भ्रम न हो, इसलिए लॉटरी सिस्टम रखा जाता है। इससे यह होता है कि जो भी पर्ची निकलेगी, उसी वीवीपैट को पर्चियों की गिनती के लिए लाया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया प्रत्याशी, एजेंट व चुनाव अधिकारियों की मौजूदगी में होती है।

गल्लामंडी में प्रवेश व निकास के द्वार अलग-अलग होंगे। मतगणना के चारों चबूतरे सीसीटीवी कैमरे के दायरे में होंगे, जिसकी निगरानी कंट्रोल रूम से होगी। उन्होंने बताया कि विभागवार मतगणना कर्मचारियों की सूची फाइनल हो गई है। मतगणना में ज्यादा कर्मियों की जरूरत नहीं होती है, इसलिए विभागों से काम में माहिर टॉप कर्मियों को ही चुना गया है। कर्मचारियों व एजेंटों के पास छपने के बाद बनने भी चालू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि हर टेबल पर प्रत्याशी का एक एजेंट होगा, मगर उसे टेबल छोड़कर जाने की अनुमति नहीं है। सिर्फ प्रत्याशी ही भ्रमण कर सकेंगे। वैसे प्रत्याशी को भी अकेले भ्रमण करना है, लेकिन जरूरत पड़ी तो उनके साथ सिर्फ निर्वाचन एजेंट रह सकते हैं। इसके अलावा किसी को अनुमति नहीं है।

**मतगणना अभिकर्ता के बनने लगे पास**

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एजेंटों का पास बनने लगे हैं। कानपुर सीट के लिए एसीएम तीन व अकबरपुर सीट के लिए एसडीएम सदर के पास पास की जिम्मेदारी है। एजेंटों की सूची फाइनल हो गई है। अधिकांश लोगों ने फोटो आदि भी पास के लिए दे दिए हैं।

# दोपहर में टेस्टिंग, शाम से पानी की सप्लाई शुरू

**केस्को को नोटिस**

- माल रोड आरबीआई के बाहर पेयजल लाइन की मरम्मत के बाद ट्रायल
- शनिवार को जल निगम ने केस्को को भेजा नोटिस मांगा गया स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मालरोड में गुरुवार को फटी पेयजल लाइन से शनिवार देर शाम पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई। पेयजल लाइन की मरम्मत कर फूलबाग जोनल पंपिंग स्टेशन से पानी की सप्लाई की दोपहर में टेस्टिंग हुई। इसके बाद शाम को पानी का संकट झेल रहे 12 मोहल्लों में पेयजल की सप्लाई की गई। जल निगम के अवर अभियंता अनुराग सिंह ने बताया कि रविवार सुबह से इटावा बाजार, फूलबाग, कुरसवां, पटकापुर, हूलागंज में सामान्य रूप से पानी की सप्लाई होगी।

रिजर्व बैंक माल रोड के सामने गुरुवार को सड़क पर फव्वारा फट गया था। लाइन फटने की जानकारी मिलते ही बैराज प्लांट से जोनल पंपिंग स्टेशन फूलबाग से होने वाली जलापूर्ति बंद कर दी गई, जिससे प्लांट से जुड़े 12 मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। जल कल के अधिकारी जब मौके पर पहुंचे तो पता चला कि केस्को ने खोदाई कार्य के दौरान जल निगम की पेयजल लाइन को तोड़ दिया है और मजदूर भाग खड़े हुये।

जल निगम ने शनिवार को पेयजल लाइन जोड़कर देर शाम पेयजल की सप्लाई लाइन से शुरू कर दी। जल निगम के अवर अभियंता अनुराग सिंह ने बताया कि केस्को को पेयजल लाइन तोड़ने की वजह से शनिवार को नोटिस जारी कर दी गई है और उससे स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। केस्को की ओर से नोटिस का जवाब मिलने के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम अरूण प्रकाश से बदलकर अरुण प्रकाश गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे अरुण प्रकाश गुप्ता के नाम से जाना जाए। **–अरुण प्रकाश गुप्ता पुत्र रामसरन, निवासी–मकान सं– 778, ग्राम व पोस्ट ठठिया, कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गुड्डी साहू पत्नी स्व: श्री उमा शंकर साहू, निवासी–काजीपुरा, जनपद बहराइच** की मूल निवासनी हूँ। मेरी पुत्री तनु साहू जिसकी आयु लगभग २४ वर्ष है। जो कि दिनांक 10/10/2013 से लापता है। बहुत खोजने के पश्चात् भी नहीं मिली है। जिसको गुम हुये 11 वर्ष बीत चुके है।

**सूचना**

सूचित करना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरे पति की पालिसी संख्या 236638695 नामिनी के तौर पर मेरा नाम रामावती तिवारी दर्ज है, जबकि आधार, बैंक व वोटर कार्ड में मेरा नाम जानकी देवी दर्ज है। रामावती तिवारी व जानकी देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। **–रामावती तिवारी उर्फ जानकीदेवी पत्नी स्व जगन्नाथ बेलसर जिला गोंडा।**

**प्लाट बिकाऊ है**

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या**
**मो0नम्बर = 9721860359**
**9415548728**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट L 3407463 में मेरा नाम **मोहम्मद मजीद कौड़िया बाजार जामा मस्जिद गोंडा** एवं जन्मतिथि 10–09–1971 गलत अंकित है मेरे आधार में अंकित नाम माजिद अली पुत्र मोहम्मद अली 33 का जेल पीछे तोपखाना छावनी सरकार गोंडा सही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं ANWAR AHMAD SIDDIQUI पुत्र WAQAR AHMAD **निवासी :– 504/89, बरौलिया , टैगोर मार्ग, डालीगंज, लखनऊ** का हूँ, मैंने अपना नाम ANWAR AHMAD से बदलकर ANWAR AHMAD SIDDIQUI रख लिया हैं, आज से मुझे ANWAR AHMAD SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुनीत कुमार गुप्ता उर्फ सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, निवासी– शंकरपुर सराय, जिला–उन्नाव** का स्थाई निवासी हूं मेरा नाम सुनीत कुमार गुप्ता है मेरे सारे आवश्यक प्रपत्र इसी नाम से हैं अत: मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं की सुनीत कुमार गुप्ता उर्फ सुनील कुमार गुप्ता एक ही व्यक्ति हैं इसलिए मुझे सुनीत कुमार गुप्ता के नाम से जाना जाए

# दो दोस्तों के मिले शव, मोबाइल और स्कूटी गायब

## तरणताल बंद होने पर गए थे गंगा नहाने, परिवारों में कोहराम, सकुशल बचे दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बाबा घाट में शुक्रवार शाम डूबने वाले दो दोस्तों के शनिवार तड़के पुलिस ने शव बरामद किए। शुक्रवार को भाजपा नेता व व्यापारी के इकलौते बेटे का शव मिला था। शव मिलने के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। बेटे की एक झलक पाने के लिए मां बेसुध होकर गिर पड़ी। परिजनों ने बताया कि बेटे फूलबाग स्थित तरणताल में नहाने की बात कह कर घर से निकले थे, लेकिन तरणताल बंद होने के कारण वह गंगा में नहाने चले गए। इस दौरान मृतकों की स्कूटी व तीन मोबाइल फोन गायब हो गए। पुलिस हादसे में सकुशल बचे चौथे साथी से पूछताछ कर रही है।

सिविल लाइंस स्थित बाबा घाट में शुक्रवार शाम को गंगा में नहाने के दौरान तीन युवक डूब गए थे। घाट के आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो घाट पर तीन जोड़ी कपड़े, जूते चप्पल मिले थे। पुलिस ने गोताखारों से गंगा में तलाश शुरू कराई तो सुतरखाना निवासी भाजपा नेता व कारोबारी शरद दुबे के इकलौते बेटे आयुष्मान (18) का पुलिस को शव मिला।

इकलौते बेटे के मौत की पर मां श्वेता, बहन हर्षिका व गौरी बेसुध होकर गिर पड़ी। रात करीब तीन बजे पुलिस ने दो अन्य साथियों के शव बरामद किए।

पहले शव की पहचान कैंट निवासी वार्ड एक की भाजपा पूर्व सभासद प्रस्तावना तिवारी के बेटे प्रखर उर्फ प्रेम (19) के रुप में हुई। वहीं दूसरे शव की पहचान कैंट निवासी रेलवे में पेंट्रीकार राजकुमार सिंह के बड़े बेटे आदर्श सिंह चंदेल उर्फ रौनक (18) के रुप में हुई।

हादसे की जानकारी मिलते ही वह पत्नी वंदना, छोटे बेटे आलोक और अपने साले अनूप सिंह के साथ पहले बाबा घाट और फिर शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। शव देख कोई विश्वास ही नहीं कर पा रहा था कि उनका बेटा चंद घंटे पहले तो उनके सामने था और अब वह इस दुनिया में नहीं है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि प्रखर चार्टर्ड अकाउंटेंट की तैयारी कर रहा था, रौनक ने इस वर्ष इंटर की परीक्षा पास कर बीकॉम में दाखिला लिया था, जबकि आयुष्मान एक्सप्रेस रोड स्थित पानी के प्लांट की देखरेख करता था।


गम में डूबे आयुष्मान के परिवार वाले। अमृत विचार


पोस्टमार्टम हाउस में बदहवाश परिजन। अमृत विचार


प्रखर।


आदर्श।


आयुष्मान।

### एक बार कोई मेरे लाल का चेहरा दिखा दे

शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद तीन दोस्तों के शव घर पहुंचे तो हर तरफ बस चीत्कारें सुनाई दी। मृतकों के परिजन रो-रोकर बेहोश हो रहे थे, रिश्तेदार पानी के छीटें मार कर होश में लाते तो वह फिर रोने लगते। इकलौते बेटे की चेहरा देख आयुष्मान की मां श्वेता बार-बार बेसुध हो रही। वह बार बार बेटे का चेहरा देखने की ललक लिए उसका चेहरा खोलती तो रिश्तेदार चेहरा ढंक रहे थे। जिस पर वह रो रोकर आखिरी बार जीभर देखने की जिद करती रहीं।

● बाबा घाट में शुक्रवार शाम को गंगा में डूबे थे तीन युवक

### दोस्त बोला, मैंने गंगा में नहाने से रोका था

घटना के बाद मृतकों के साथ गया एक अन्य दोस्त राजवीर सिंह उर्फ आयुष बदहवास होकर मौके से फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तरणताल बंद होने पर अन्य साथी गंगा में नहाने की बात कहने लगे जिस पर मैने मना किया था। राजवीर ने बताया कि उसका कुछ समय पहले हार्ट का ऑपरेशन हुआ था, जिस कारण उसे गहराई में नहाने से डॉक्टरों ने मना किया था। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि घाट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच में साफ हो गया कि कोई साजिश नहीं है। सिर्फ हादसे में तीनों की गंगा में डूबने से मौत हुई है। फिर भी मौके से भागे राजवीर सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के मुताबि ढाई घंटे के सीसीटीवी फुटेज में राजवीर मृतकों के साथ जाता दिखाई दे रहा है और कुछ देर बात वापस भाग कर आता हुआ भी दिखाई दिया है।


पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देते भोजपुरी महासभा के लोग। अमृत विचार

# पुलिस आयुक्त को बताई अपनी पीड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बाइक की पीछे से फोटो खींचने चालान काटने का उठाया मुद्दा

**अमृत विचार।** भोजपुरी महासभा के लोग शनिवार को पुलिस कमिश्नर से मिले और अपनी समस्या बताई। कहा कि चौराहों पर खड़े पुलिसकर्मी पीछे से फोटो खींचकर चालान करते हैं। इससे बाइक चलाने वाला हड़बड़ा जाता है। उचित होगा कि सामने से रोककर चालान करें। पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में विचार किया जाएगा।

अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने शनिवार को पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देकर बताया कि चौराहों पर मौजूद पुलिसकर्मी पीछे से फोटो खींचकर चालान काट देते हैं। कुछ छोटे व्यापारी बाइक पर ही सामान का बैग लादकर सफर करते हैं। उनका बैग खोलकर तलाशी ली जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम करें, लेकिन पीछे से फोटो खींचने पर बाइक चालक हड़बड़ा जाते हैं।

उन्होंने मांग उठाई कि बाइक को रोका जाए और उन्हें कारण बताकर सामने से फोटो खींची जाए, फिर चालान काटा जाए। पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि मामले में पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में फैजुद्दीन, प्रभात पाल, अमन ठाकुर, सनम ठाकुर, घनश्याम, आंशू, आरिफ, अमित यादव, रमाकांत, राजेश मिश्रा, अजीत शुक्ला आदि रहे।

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, आंखें दान

**कानपुर।** स्वरूप नगर पाम फोर्ट अपार्टमेंट निवासी राजीव जैन का बेटा नमन जैन (31) प्राइवेट जॉब करता था। शनिवार को उसका शव सेंट्रल स्टेशन के प्लेट फार्म नं तीन पर मिला। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि नमन की आखिरी इच्छा थी कि उसकी मरने के बाद दान कर दी जाएं। इस पर एक कार्यदायी संस्था के द्वारा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को उसकी आंखे दान कर दी है। हैलट अस्पताल से आई डॉक्टर पारूल की टीम ने नमन की आंखों को सुरक्षित किया।

### छत से गिरकर युवक की मौत, परिजन बेहाल

**कानपुर।** सचेंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात छत से गिरकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। कानपुर देहात के गुरुगांव, प्रहलादपुर गांव निवासी अरविंद सिंह ने बताया कि उनका छोटा भाई श्रवण सिंह (30) भौंती में किराए का मकान में रहकर प्लास्टिक आइटमों को बेचने का काम करता था। शुक्रवार देर रात मकान की चौथी मंजिल से गिरने से श्रवण की मौके पर मौत हो गई। किराएदारों ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

### खोदाई करने पर केस्को को 18 लाख का नोटिस

**कानपुर।** केस्को ने केबिल डालने और फिर पोल लगाने में भार्गव स्टेट और वीआईपी रोड से जुड़े मार्गों पर जगह-जगह खोदाई की। इस पर नगर निगम ने केस्को को 18 लाख क्षतिपूर्ति का नोटिस जारी किया है। नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि जगह-जगह की गई खोदाई का आकलन कराया गया तो पता चला कि 18 लाख से जो सड़कें बनी थीं वह खोदाई से टूट हुईं। इसकी भरपाई को नोटिस जारी किया गया है। खुदाई की केस्को ने मंजूरी भी नहीं ली है।

# जेवर साफ करने का झांसा देकर ले गए चेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सीसीटीवी में कैद हुई घटना हरबंशमोहाल थाने में रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सेल्समैन बनकर आए दो टप्पेबाजों ने चेन साफ करने का झांसा देकर वृद्धा संग टप्पेबाजी कर ली। शक होने पर वृद्धा ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने हरबंश मोहाल थाने में टप्पेबाजों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मथुरी मोहाल निवासी नवीन साहू मां कांति देवी, पत्नी निशु व बच्चों के साथ रहते है। नवीन का बोरी का व्यापार है। बताया कि शुक्रवार को घर पर दो युवक आए और मां को जेवरात साफ करने का प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी का सेल्समैन बताते हुए जेवरात साफ कराने की बात कही। युवकों की बातों में आकर मां ने उन्हें चांदी का सिक्का साफ करने को दिया, जिस पर युवकों ने उसे साफ कर उन्हे दे दिया। इसके बाद वृद्धा ने सोने की चेन साफ करने को दे दी।

चेन साफ करने के बाद युवकों ने उसे बॉक्स में रखने के बहाने रुमाल में रख लिया। शक होने पर वृद्धा ने विरोध किया, जिस पर आरोपी मौके से फरार हो गए। व्यापारी नवीन ने बताया कि पूरी घटना घर पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। भागने के दौरान आरोपी अपना बैग घर में ही छोड़ गए। पीड़ित ने हरबंश मोहाल पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, टप्पेबाजों की तलाश की जा रही है।

## चोरी के दो वाहन बरामद, दो पकड़े

**कानपुर।** चोरी की मोटर साइकिल बेचने के जा रहे दो वाहन चोरों को नौबस्ता पुलिस ने शनिवार गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का लोडर, तीन बाइक व तमंचा, कारतूस बरामद किया।

नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि दासू कुआं के पास एक बिना नंबर के लोडर में तीन बाइक खड़े होने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो दो लोग वहां खड़े थे। पूछताछ में वह कोई सही जवाब नहीं दे सके। कड़ाई से पूछने पर उन्होंने अपना नाम विजय नगर निवासी दीपक पंडा, नयापुरवा निवासी अजय पटेल बताया। आरोपियों ने बताया कि लोडर को उन्होंने नयापुरवा के एक मकान के बाहर से चुराया है, जिसमें लदी तीनों बाइक भी चोरी की है, जिसे सीओडी के जंगल में छिपाया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# युवक की हत्या में चचेरे भाई समेत तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पारिवारिक विवाद के कारण घटना को दिया था अंजाम

● पुलिस ने आलाकत्ल के रूप में दो ईंट किए बरामद

**अमृत विचार।** ग्वालटोली में ईंट से हमला कर युवक की हत्या के मामले में शनिवार को पुलिस ने चचेरे भाई समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डीसीपी सेंट्रल ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण चचेरे भाई ने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने घटनास्थल से आला कत्ल के रूप में खून से सनी ईंट बरामद की।

ग्वालटोली के अहिराना निवासी योगेश कुमार उर्फ नंदन (25) की शुक्रवार रात ईंट से कूंचकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता मुन्ना लाल बाल्मीकी ने मोहल्ले में रहने वाले अतुल, आदर्श उर्फ कृष्णा पर ईंट से कूंचकर मारने और चचेरे भाई धीरेंद्र पर षड़यंत्र रचने के आरोप में हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ग्वालटोली पुलिस ने धीरेंद्र को शुक्रवार रात ही हिरासत में ले लिया था। वह पूर्व में कांग्रेस पार्टी से पार्षद का चुनाव भी लड़ चुका है। वहीं अन्य दो आरोपियों को पुलिस ने लाल इमली के पास से गिरफ्तार किया।

डीसीपी सेंट्रल रामसेवक गौतम ने बताया कि मृतक का चचेरे भाइयों से काफी समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात भी नशे की हालत में दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई जिस पर आरोपियों ने ईंट से हमला कर दिया था, परिजनों ने उसे गंभीर हालत में उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पिता मुन्ना लाल ने बताया कि वह 31 जनवरी को बैंक से रिटायर हुए थे। जिसके बाद से आरोपी उनसे रंगदारी के तौर पर एक लाख रुपये की मांग कर रहा था, मना करने पर आए दिन विवाद करता था। आरोप लगाया कि 20 मई को ग्वालटोली पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

डीसीपी ने बताया कि मृतक कई बार शराब पीकर झगड़ा कर चुका है। इस कारण दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर कई बार आरोप लगाए, लेकिन फिर पारिवारिक मामला होने के चलते कोई कार्रवाई नहीं चाही। बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में अतुल और आदर्श कैद हुए हैं।

तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शनिवार को मृतक का पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई। डीसीपी ने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद युवक के पिता। अमृत विचार

# इटावा के संविदाकर्मी की होटल में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● शुक्रवार की देर रात तीन साथियों के साथ आया था शहर

● चकरनगर ब्लाक में खंड प्रेरक के तौर पर कार्यरत था

**अमृत विचार।** तीन साथियों के साथ खरीदारी करने आए ब्लॉक संविदाकर्मी की हरबंश मोहाल स्थित होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने से बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है।


नारायण सिंह।

इटावा के बगिया अड्डा फ्रेंड्स कालोनी निवासी नारायण सिंह (36) चकरनगर ब्लाक में संविदा पर खंड प्रेरक के रूप में कार्यरत थे। शुक्रवार की रात वह तीन दोस्तों न्योरी के प्रधान जितेंद्र सिंह, चांदाई के प्रधान विपिन सिंह और चकरनगर निवासी कारोबारी कुशल सिंह के साथ खरीदारी करने के लिए कार से शहर आए थे। देर रात वह हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र के घंटाघर स्थित प्रिया होटल में रुके थे। मामा कौशल किशोर ने बताया कि वह घर से बिना बताए निकला था।

दोस्तों ने बताया कि वे लोग रात करीब 10 बजे होटल पहुंचे और किराये पर दो कमरे लिया। इसके बाद सभी ने शराब पी। इसके बाद उन्होंने खाना खाने के लिए नारायण को आवाज दी तो कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। बेहोशी की हालत में वह उसे हैलट अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हरबंश मोहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसीपी कलक्टरगंज मोहसिन खान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।


घटना की जानकारी देते साथी और परिजन। अमृत विचार

## जेईई एडवांस परीक्षा आज, पुलिस सतर्क

**कानपुर।** जेईई-एडवांस्ड का आयोजन 26 मई को देश के 222 एवं विदेश के 3 शहरों में होने जा रहा है। आईआईटी चेन्नई के तत्वावधान में होने वाली इस परीक्षा के लिए नगर में 10 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केद्रों के आसपास सख्ती रहेगी साथ ही केंद्रों के 200 मीटर के दायरे पर फोटो कापी मशीन, कैफे आदि बंद रहेंगे। पुलिस के अनुसार कानपुर पश्चिम जोन में 6 एवं पूर्वी जोन में 4 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में सुबह 9 से 12 और दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक होगी। परीक्षा परिणाम 9 जून को घोषित होगा। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी इलेक्ट्रनिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे।

# गैस रीफिलिंग करते समय फटा सिलेंडर, लगी आग

● बर्रा थाना क्षेत्र के दामोदर नगर में हुआ हादसा

**कानपुर।** दामोदर नगर में शनिवार दोपहर एक दुकान में अवैध रूप से रिफिलिंग करने के दौरान सिलेंडर फट गया। इससे दुकान में आग लग गई। फायरब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

दामोदर नगर में सुरेंद्र साहू की गैस चूल्हा रिपेयरिंग की दुकान है। दुकान में अवैध रुप से सिलेंडर भी रिफिल किए जाते हैं। शनिवार दोपहर रिफिलिंग करते समय सिलेंडर फट गया। धमाका इतना तेज था कि दुकान की दीवार तक चटक गईं। दुकान में तीन सिलेंडर रखे होने की जानकारी पर इलाके में हड़कंप मच गया। लोग घरों से बाहर निकल कर भागे। कुछ ही देर में दुकान से विकराल लपटे निकलने लगी। इलाकाई लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

सीएफओ दीपक शर्मा व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि फजलगंज और किदवई नगर फायर स्टेशन से एक-एक गाड़ियां भेजी गईं। जिले में कई जगह अवैध तरीके से रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसकी रोकथाम के लिए जिलापूर्ति अधिकारी को पत्र लिखा जाएगा।

# पहले भतीजे, फिर चाची ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सचेंडी थाना क्षेत्र की घटना दोनों के बीच थे अवैध संबंध

● जहर खाने से पहले भतीजे ने बीच बाजार चाची को पीटा था

**अमृत विचार।** सचेंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम भरे बाजार में चाची की पिटाई के बाद भतीजे ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। भतीजे की मौत की जानकारी पाकर चाची ने भी तड़के दुपट्टे का फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। दोनों के बीच काफी समय से अवैध संबंध थे। करीब एक वर्ष पूर्व ग्रामीणों ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था, जिसके बाद से उनके बीच बातचीत बंद चल रही थी।

सीढ़ी इटारा गांव निवासी युवक 32 वर्षीय पत्नी और पांच बेटों के साथ रहता है। पड़ोस में ही उसके बड़े भाई का परिवार भी रहता है। पीड़ित युवक के मुताबिक शुक्रवार की शाम वह मजदूरी करने शहर आया हुआ था। शाम को उसकी पत्नी बच्चों के कपड़े खरीदने के लिए सचेंडी बाजार गई हुई थी। इस दौरान उसका 35 वर्षीय भतीजा आया और बीच बाजार अपनी चाची की पिटाई कर दी।

पिटाई करने के बाद भतीजा जहरीला पदार्थ खाकर खेत चला गया। शाम को लौटकर आए युवक को पत्नी ने आपबीती बयां की, जिसके बाद युवक ने भतीजे की तलाश शुरू की तो उसका शव खेत पर पड़ा मिला। भतीजे की मौत की जानकारी के बाद तड़के महिला ने भी दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक भतीजे और चाची के बीच काफी समय से प्रेम संबंध थे। एक वर्ष पूर्व ग्रामीणों ने उन्हें खेत पर आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था, जिसके बाद से दोनों के परिवारों के बीच बातचीत बंद चल रही थी। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी से विवाद के बाद गटका जहर, थमी सांस

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने बाथरूमें जाकर जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मकड़ीखेड़ा निवासी अरुण कुमार (27) सेल टैक्स में प्राइवेट काम करते थे। परिवार में पिता विजय, मां पुष्पा, पत्नी ज्योति व दो बेटियां है। पिता विजय ने अरुण पत्नी व बच्चों के साथ घर से कुछ ही दूर किराये के मकान में रहता था। दोनों के बीच अक्सर मामूली बातों को लेकर विवाद होता रहता था। शनिवार को भी पत्नी से उसका विवाद हुआ था। जिसके बाद अरूण ने बाथरूम में जाकर जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल ले गये, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## फ्रेंचाइजी लेने के नाम पर शातिरों ने 1.42 लाख ठगे

**कानपुर।** तीन ब्लॉक गोविंद नगर निवासी अरविंद भाटिया ने बताया कि उनकी गोविंद नगर में खाली दुकान है। वह उसमें टाटा वन एमजी की फ्रैंचाइजी लेकर मेडिकल शॉप खोलना चाहते थे। उन्होंने हेल्थ पार्टनर प्रोग्राम के लिए कंपनी की वेबसाइट पर आवेदन किया। छह मार्च को उनके पास हेल्प सेंटर से ई-मेल आई। इसके बाद प्रार्थी के पास कृष्णा मल्होत्रा और सत्यम शर्मा ने कंपनी का कस्टमर केयर बनकर बात की। उनके झांसे में आकर अरविंद ने खाते में आठ से 11 मार्च के बीच 1.42 लाख रुपये रिफंड के लिए कहा था, रिफंड न मिलने पर उन्हें धोखाधड़ी का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई। गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शिविर | भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

# संगठन की मजबूती के लिए एकता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किसी संगठन का मूल उसके सदस्य होते हैं। सदस्यों में यदि एकता है तो यह किसी भी संगठन के लिए सबसे बड़ी ताकत के रूप में कार्य करता है। यह विचार शनिवार को भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन सदस्यों को नियम व कानून संबंधी जानकारी दी गई।

पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय में हुए प्रशिक्षण शिविर में सभी रक्षा संस्थानों के सदस्य शामिल हुए। प्रथम दिन में पांच सत्र का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र के वक्ता भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष राज बिहारी शर्मा ने भारतीय मजदूर संघ व अन्य संगठनो के बीच भिन्नता बताई। दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता फील्ड गन फैक्ट्री के पूर्व महाप्रबंधक शैलेन्द्र नाथ ने प्रशासनिक नियमों, कंडक्ट रूल और विभिन्न कोर्ट के आदेशों को बताया। यह भी बताया कि सरकारी कर्मचारी को किन-किन कार्यों से दूर रहना चाहिए, जिससे की उसकी छवि और उसके आचरण पर कोई दुस्प्रभाव न आये । तीसरे सत्र में भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के पूर्व अखिल भारतीय महामंत्री सुखदेव प्रसाद मिश्रा ने वर्तमान समय में सरकार की विभिन्न श्रम कानूनों में किए गए परिवर्तन के लाभ व दोष को बताया। शिविर के दौरान फील्ड गन फैक्ट्री के महाप्रबंधक एहतशाम अख्तर ने वर्तमान परिवेश में आयुध निर्माणियो के लिए भविष्य के अवसरों, चुनौतियों एवं कार्य परिवेश के बारे में बताया।

● दो दिनी प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन नियम व कानून बताए गए


भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के प्रशिक्षण शिविर में मौजूद विशेषज्ञ साथ में भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष राज बिहारी शर्मा।

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

41.6° अधिकतम तापमान | 28.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 06:55

## शहर में आज

- **सेमिनार** : कनिका अस्पताल में कनिकाकान कांफ्रेंस नौ बजे।
- **रक्तदान** : तेरापंथ युवक परिषद का रक्तदान शिविर फीलखाना स्थित तेरापंथ भवन में 9.30 बजे।
- **सम्मान** : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का सम्मान समारोह मरियमपुर में दोपहर एक बजे।
- **माताओं को सम्मान** : रोटरी क्लब साउथ का बेटी शिक्षित मां वंदित कार्यक्रम शाम 5 बजे।
- **नाट्य मंचन** : मानस शिरोमणि फाउंडेशन का शिव-सती नाट्य मंचन लाजपत भवन में 7.30 बजे।

# अब नई सड़कों की सुरक्षा करेंगे नगर निगम के 12 इंजीनियर

## जलकल, जल निगम, केस्को और सीयूजीएल से मांगी गई एनओसी, जोनवार जिम्मा

### होगी निगरानी

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- सड़कों को खोदाई से बचाने के लिए समिति का हुआ गठन
- अधिशाषी व सहायक अभियंता अध्यक्ष व सदस्य नामित

**अमृत विचार।** शहर में बिना अनुमति के हो रही खोदाई की वजह से सड़कें बर्बाद हो रही हैं। पाइप लाइन व भूमिगत केबिल डालने के नाम पर सबसे ज्यादा सड़कें टूट रही हैं। जलकल, जल निगम, केस्को, सीयूजीएल विभाग बिना बताये ही नई सड़कों को उखाड़ दे रहे हैं, जिससे जनता को दिक्कत तो हो ही रही है, साथ ही नगर निगम को वित्तीय छति भी पहुंच रही है। इन समस्याओं को देखते हुये नगर निगम ने अपनी सड़कों की सुरक्षा के लिये 12 सदस्सीय समिति का गठन किया है। समिति में शामिल अभियंता सड़कों की देख-रेख करेंगे। अभियंताओं के क्षेत्र में अगर सड़क खोदी गई तो पूरी जिम्मेदारी उनकी होगी।

नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने सड़क की खोदाई पर नजर रखने के लिए जोनवार अधिशाषी अभियंता और सहायक अभियंता को समिति में अध्यक्ष व सदस्य नामित किया है। सभी छह जोन की अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। यह समित जलकल, जलनिगम, केस्को, सीयूजीएल और टेलीकॉम कंपनियों से पत्राचार कर उनके द्वारा शहर में किये जा रहे कार्यों और समय सीमा की जानकारी लेगी।

इसके साथ ही विभाग से एनओसी की भी जानकारी लेगी। यदि चार दिन में संबंधित विभाग इसकी जानकारी नहीं देंगे तो मान लिया जाएगा कि उनकी ओर से कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। अगर इसके बाद सड़क खोदते या कार्य करते हुए विभाग के कर्मचारी मिले तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम समिति को विभागों को बताना होगा कि कार्य शुरू और पूरा करने के बाद सड़क पर आने वाले एक वर्ष कोई खोदाई नहीं की जाएगी। विभागों द्वारा काम होने की जानकारी देने के बाद भी अगर सड़क खोदाई होते पाया जाता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

### लीकेज दुरुस्त करके सड़क भी बनाई जाए

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने समिति से कहा है कि प्राय: जल निगम और जलकल अपनी पेयजल लाइनों का लीकेज बनाने के बाद सड़क यूं ही छोड़ देते हैं। समिति इसका ध्यान रखे और लीकेज बनाने के बाद सड़क भी बनाएं, ताकि नगर निगम को वित्तीय छति होने से बचाया जा सके।



यतीमखाना चौराहे पर केस्को ने भूमिगत केबल डालने के लिए सड़क की खोदाई की। अमृत विचार

### जोनवार समिति का किया गया गठन

जोन एक में प्रभारी अधिशाषी अभियंता सतीश चंद्र कमल को अध्यक्ष और सहायक अभियंता राजेश कुमार को सदस्य जोन 2 में प्रभारी अधिशाषी अभियंता दिवाकर भाष्कर को अध्यक्ष व जोन के अवर अभियंता को सदस्य नामित किया गया है। इसीतरह जोन तीन में प्रभारी अधिशाषी अभियंता नानक चंद्र को अध्यक्ष, सहायक अभियंता हरीजी वर्मा को सदस्य, जोन चार में अधिशाषी अभियंता आरके तिवारी को अध्यक्ष और सहायक अभियंता मीनाक्षी अग्रवाल को सदस्य, और जोन 5 में अधिशाषी अभियंता अतुल पांडेय को अध्यक्ष और कार्य क्षेत्र के अवर अभियंता को सदस्य बनाया गया है। जोन 6 में प्रभारी अधिशाषी अभियंता आरके सिंह को अध्यक्ष और सहायक अभियंता संतोष विश्वकर्मा को सदस्य नामित कराया गया है।

## अस्पताल में नहीं मिली मदद...



उर्सला अस्पताल में वार्ड ब्वॉय की मदद मिलना नामुमकिन है। लक्ष्मीपुरवा की अनामिका अपने पिता अरुण वर्मा को लेकर उर्सला अस्पताल पहुंची तो उसे आधार कार्ड के जरिए टोकन से ह्वीलचेयर तो मिल गई, लेकिन वार्ड ब्वॉय नहीं मिला। अनामिका ने पिता को बाहर ले जाने के लिए अस्पताल कर्मियों से गुहार लगाई, लेकिन किसी ने भी मदद नहीं की। दूसरे मरीजों के परिवार वाले भी ह्वीलचेयर खींचकर जाते दिखे। फोटो - मनोज तिवारी

# छात्र-छात्राओं ने विवि में समझी प्रवेश प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्युमैनिटीज एंड सोशल साइंसेस के तत्वावधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम संचालित है। दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर छात्रों को पहले पंजीकरण कराना होता है।

विश्वविद्यालय कैंपस के स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्युमैनिटीज एंड सोशल साइंसेस के अंतर्गत संचालित समाज कार्य विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अपने एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम को नए तरीके से तैयार किया है। यह जानकारी देते हुए पाठ्यक्रम के प्रवेश प्रभारी डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा ने बताया की शैक्षिक सत्र 2024-25 में दो वर्षीय एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट csjmu.ac.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा।




यदि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में कोई समस्या आती है तो समाज कार्य विभाग में एक हेल्पडेस्क तैयार की गई है। इसके लिए विद्यार्थी को सभी मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं फोटोग्राफ्स इत्यादि लाने होंगे और विभाग में ही उनका रजिस्ट्रेशन कराकर प्रवेश सुनिश्चित करा दिया जायेगा । डा. वर्मा ने बताया कि यह पाठयक्रम और अधिक रोजगार उन्मुख हो गया है । नई शिक्षा नीति समय की रफ़्तार को देखते हुए एक नॉलेज सोसाइटी के निर्माण पर जोर देती है जो जीवन के विभिन्न आयामों के साथ-साथ शिक्षा की समग्र प्रकृति को समझती और स्वीकार भी करती है।

व्यावसायिक समाज कार्य विषय व्यक्ति, समूह और समुदाय की समस्याओं पर केन्द्रित है, एक प्रोफेशनल सोशल वर्कर व्यक्तिगत, सामूहिक और सामुदायिक समस्याओं के निदान की तकनीक और निपुणता हासिल करता है। जिससे वह एक बेहतर नागरिक बनने के साथ समाज के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकता है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से व्यावसायिक समाज कार्य विषय के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं, साथ ही इसके द्वारा नई-नई चुनौतियों से निपटने के सन्देश भी मिल रहे हैं ।

इस पाठ्यक्रम में विभिन्न स्पेशलाइजेशन विषयों को सम्मलित किया गया है,जो विद्यार्थी चिकित्सीय एवं मनःचिकित्सीय, ग्रामीण और शहरी विकास,पब्लिक हेल्थ,मानव संसाधन प्रबंध के साथ कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी इत्यादि विषयों में अध्ययन करना चाहते हैं। उनके लिए यह पाठ्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा । कैंपस प्लेसमेंट, स्मार्ट क्लास रूम, ब्वायज एवं गर्ल्स हॉस्टल और फ्री वाई-फाई की सुविधा एवं सभी बुनियादी सुविधाएं मिलने से युवाओं में इस कोर्स के प्रति रुझान बढ़ा है।

### 40 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण ले सकते प्रवेश

उन्होंने बताया कि चार सेमेस्टर के इस पाठ्यक्रम में न्यूनतम 40% अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी अपना प्रवेश ले सकता है, इस पाठ्यक्रम के लिए 60 सीटें निर्धारित की गयी हैं, जिसकी फीस 19,600 प्रति सेमेस्टर है। इस पाठ्यक्रम में सीधे प्रवेश के लिए विद्यार्थी अधिक अपना पंजीकरण करा रहे हैं।

### कोर्स पूरा करने के बाद बेहतर प्लेसमेंट

विद्यार्थियों को दो साल का कोर्स पूरा करने के बाद बहुत आसानी से 25 से 30 हजार की नौकरी कैंपस प्लेसमेंट के द्वारा मिल जाती है और जैसे-जैसे अनुभव बढ़ता जाता है, उनका पैकेज भी बढ़ने लगता है।

# अब सेंट्रल में मिलेगी एसी हाल की सुविधा



सेंट्रल के प्लेटफार्म एक पर तैयार हो रहा एसी बेड हाल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब नहीं तलाशने होंगे होटल स्टेशन पर ही मिलेगी सुविधा
- 12-24 घंटे के लिए होगा बुक 150 रुपये 12 घंटे का चार्ज

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर पांच या 15 घंटे बिताने के लिए अब यात्रियों को होटल नहीं तलाशना पड़ेगा। दूसरे जिलों से आने वाले व्यापारियों को भी भरपूर सहूलियत मिलेगी। स्टेशन पर ही यात्रियों के लिए डबल स्टोरी एसी बेड हॉल तैयार हो रहा है। जहां होटल से बहुत कम कीमत पर 12 से 24 घंटे के लिए आसानी से एसी केबिन बुक होगा।

ट्रेन लेट होने और छूट जाने पर यात्रियों को दूसरी ट्रेन के इंतजार में स्टेशन पर कई घंटे प्लेटफार्मों पर बैठकर बिताना पड़ता है। वहीं कुछ यात्री ऐसे होते हैं जिन्हें स्टेशन के आसपास होटलों में कमरा लेना पड़ता है। इसी तरह जिलों के कारोबारी प्रतिदिन शहर में खरीदारी करने आते हैं। अपने काम निपटाने के बाद स्टेशन पर उन्हें ट्रेन के इंतजार में बैठना पड़ता है। इन सभी की सुविधाओं के लिए रेलवे सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर डबल स्टोरी एसी बेड हॉल का निर्माण करा रहा है। एसी बेड हॉल का 50 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। हाल में 30 एसी बेड केबिन होंगे।

डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि एसी केबिन कम से कम छह घंटे के लिए बुक होगा। बाकी यात्री 24 घंटे के लिए भी बुक कर सकते हैं। इसके लिए कम से कम चार्ज रखा गया। अभी घंटे के हिसाब से पैसे निर्धारित नहीं किए गए हैं, मगर 250-300 रुपये 24 घंटे का चार्ज होगा। उन्होंने बताया इसी बिल्डिंग में दूसरी मंजिल पर भी 34 बेड का हॉल का निर्माण पहले हो चुका है, लेकिन दूसरे मंजिल पर होने के कारण अधिकांश जरूरत मंद वहां नहीं पहुंच पाते हैं। इस निर्माणाधीन हॉल से यात्रियों को ज्यादा सहूलियत मिलेगी। इससे पहले 10 रुपये घंटे के हिसाब से चालू बेटिंग हॉल का यात्रियों ने खूब पसंद किया है।

### यात्रियों का बचेगा पैसा

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि होटल बुक कराने में यात्रियों को काफी नुकसान होता है। एसी हाल से यात्रियों का काफी पैसा बचेगा। होटल आने व जाने की दौड़भाग भी बचेगी। स्टेशन पर रहकर अपनी ट्रेन के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। कई मायनों में एसी हॉल यात्रियों के लिए ठीक होगा।

# नौतपा के पहले दिन ही तापमान 41 के पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गर्म हवाओं के थपेड़ों से बचाव को सिर ढककर सड़कों पर निकले राहगीर
- उमस ने लोगों का किया जीना दूभर, दिन भर चली धूप-छांव की आंख मिचौली

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को जीना दूभर कर रखा है। दिन भर चली धूप-छांव की आंख मिचौली के बीच शनिवार को पारा 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया।

नौतपा के पहले दिन ही सूरज का मिजाज तल्ख रहा। सुबह से ही चटख धूप राहगीरों के लिए मुसीबत साबित होने लगी थी। एक तो भीषण गर्मी ऊपर से उमस लोगों को खूब परेशान कर रही थी। नौतपा यानि नौ दिन की भीषण गर्मी क्योंकि यह एक ऐसा समय है जब सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं। 6 से 7 किलोमीटर की रफ्तार से दिन में चली हवा राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई थी।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की तुलना में 1.1 डिग्री ऊपर चढ़कर शनिवार को अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी 3.5 डिग्री ऊपर चढ़कर 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आर्द्रता अधिकतम 59 एवं न्यूनतम 36 फीसद दर्ज की गई। बताया कि आगामी दिनों में हाई क्लाउड के चलते बदली तो रहेगी, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। तापमान में आने वाले दिनों और बढ़ोतरी होगी। अगले हफ्ते अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार जाने की संभावना है।

### मौसमी फल एवं सब्जियों का खूब करें सेवन

गर्मी से बचाव को इन दिनों घर से पानी पीकर निकलें। सिर को ढककर सड़क पर जाएं। खरबूजा, तरबूज, आम आदि मौसमी फलों एवं सब्जियों का प्रयोग अधिक करें।



चिलचिलाती धूप में दुपट्टे से बचाव करती युवती। अमृत विचार

# बारिश के पहले मेट्रो रूट पर बनेगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपीएमआरसी बरसात के पहले हर हाल में परियोजना कार्य से जुड़े सभी मार्गों को बनाएगा। मेट्रो ने बारादेवी से नौबस्ता तक और चुन्नीगंज-नयागंज अंडरग्राउंड सेक्शन के निकट विभिन्न मार्गों पर बैरिकेडिंग हटाई है। जिससे राहगीरों के लिए आवाजाही पहले के मुकाबले सुगम हुई है। इन मार्गों का सुधार और निर्माण कार्य भी मेट्रो के कार्य के समानांतर किया जा रहा है।

धूल उत्सर्जन के शमन के लिए सभी मार्गों पर सतत रूप से प्रयास किए जा रहे हैं और सुगम यातायात के लिए सड़कों पर ट्रैफिक मार्शल की भी तैनाती की गई है। प्रॉयोरिटी कॉरिडोर (आईआईटी से मोतीझील) का निर्माण कार्य पूरा होने पर शहरवासियों को मेट्रो सेवा के साथ साथ ग्रीन बेल्ट और अच्छी सड़क का उपहार मिला था।

इसी की तर्ज पर कानपुर मेट्रो परियोजना से दोनों कॉरिडोर से जुड़े सभी सड़क मार्गों का भी विकास और सुंदरीकरण किया जाएगा।



पैचवर्क करते कर्मचारी। अमृत विचार

**कार्यशाला** | अनियंत्रित डाइट, प्रदूषण और टाइफाइड भी पथरी की वजह, जाने-माने सर्जनों ने दी अहम जानकारी

# हार्मोंस में बदलाव से महिलाओं को अधिक होती पथरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बदली जीवनशैली में गाल ब्लैडर (पित्त की थैली की पथरी) में स्टोन की समस्या आम बात होती जा रही है। देश में पित्ताशय की पथरी छह फीसदी आबादी में पाई जाती है, जिसमें महिलाओं में पथरी की समस्या पुरुषों की अपेक्षा तीन गुना अधिक है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। यह जानकारी कानपुर सर्जिकल क्लब के चीफ पेट्रन व एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डॉ.शिवाकांत मिश्रा ने दी।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंडोसर्जन्स, एसोसिएशन ऑफ सर्जनस ऑफ इंडिया और कानपुर सर्जिकल क्लब व शिवानी हॉस्पिटल की ओर से गुरुदेव चौराहा के पास स्थित डीएनजी ग्रांड में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला हुई। लेप्रोस्कोपिक सर्जनों ने दूरबीन विधि से पित्ताशय के सुरक्षित व सफल ऑपरेशन की जानकारी दी। साथ ही पित्ताशय की विभिन्न तरह की बीमारियों, जटिलताओं, ऑपरेशन से संबंधित जटिलताओं से बचाव और दूरबीन विधि से सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक की बारीकियां भी बताई।

डॉ.शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि महिलाओं में गर्भ निरोधक गोली, अनियमित खानपान, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हार्मोंस में बदलाव, तेजी से वजन को कम करने से पथरी की समस्या बढ़ रही है। बिना संतान वाली स्त्रियों की तुलना में संतान वाली महिलाओं में पथरी ज्यादा होती है। आयोजक सचिव डॉ.शिवांशु मिश्रा ने बताया कि यह कार्यशाला दो दिवसीय है, जिसमे देश के अनुभवी सर्जन डॉ.समीर कुमार, डॉ.अमित श्रीवास्तव, डॉ.सुनील शर्मा, डॉ.तरूणा मित्तल, डॉ.गन्नी भास्कर राव, डॉ.इशांत चौरसिया, डॉ.करन रावत समेत 150 विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। विशेषज्ञ दूरबीन विधि से ऑपरेशन के बेहतरीन परिणाम की जानकारी साझा करेंगे। आईएजीईएस के अध्यक्ष डॉ.सुभाष अग्रवाल ने पित्ताशय की दूरबीन विधि से ऑपरेशन में होने वाली जटिलताओं के प्रति जीरो टॉलरेंस के संकल्प को अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान यूपीएएसआई के अध्यक्ष डॉ.अमित अग्रवाल, प्रेजिडेंट इलेक्टडॉ.सतीश मिढ़ा, कंवेनर डॉ.दीप गोयल, कोषाध्यक्ष डॉ.मीनाक्षी शर्मा, कानपुर सर्जिकल क्लब के अध्यक्ष डॉ.दीपक श्रीवास्तव आदि रहे।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला की शुरुआत करते डॉ.शिवाकांत, डॉ.सुभाष अग्रवाल, डॉ.दीपक अग्रवाल, डॉ.सतीश मिढ़ा। अमृत विचार

### यह है स्टोन की मुख्य वजह

कोषाध्यक्ष डॉ.मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि डाइट सही न होना, खाने को अच्छी तरह पकाकर न खाना, आधुनीकरण, प्रदूषण, टाइफाइड होना, पानी न पीना पित्ताशय की पथरी का मुख्य कारण है। महिलाओं में हार्मोनल बदलाव की वजह से पथरी की समस्या होती है।

### मां को पथरी तो बच्चा हो सकता कमजोर

दिल्ली से आए डॉ.दीप गोयल ने बताया कि महिला को गर्भावस्था के समय अल्ट्रासाउंड जरूर करना चाहिए। इससे न सिर्फ बच्चे की स्थिति पता चलती है, बल्कि पित्ताशय में होने वाली पथरी या पेट संबंधी बीमारी की जानकारी आसानी से हो जाती है। पित्ताशय में पथरी होने पर गर्भवती का शुरुआत के तीन माह ऑपरेशन करना मुश्किल होता है। तीन से छह माह में ऑपरेशन जरूर किया जा सकता है। गर्भावस्था के दौरान महिला को पथरी होती है तो बच्चे के प्रिमिच्योर होने की संभावना अधिक रहती है।

### पेट में होने वाले दर्द को न करें नजरंदाज

आईएजीईएस के अध्यक्ष डॉ.सुभाष अग्रवाल ने बताया कि पेट में होने वाले हर दर्द को गैस का दर्द मनाकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह पथरी का भी दर्द हो सकता है। पथरी का दर्द होने पर पेट के ऊपरी हिस्से में तेज दर्द होता है। किडनी में किसी भी प्रकार की रूकावट होने पर भी पथरी हो सकती है। गर्मी में लोग पानी नहीं पीते इसलिए लोगों में गर्मी में पथरी की समस्या अधिक देखने को मिलती है। पथरी की समस्या दो साल के बच्चे से लेकर सौ साल के बुजुर्ग तक के व्यक्ति हो सकती है।

# दर्द, थकान हो तो कराएं थायराइड जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्व थायराइड दिवस पर आईएमए सभागार में डॉक्टरों ने किया जागरूक
- बच्चों में भी थॉयराइड ग्रंथि 10 से 15 साल में बढ़ सकती है बचाव करना जरूरी

**अमृत विचार।** शरीर में थोड़ी सुस्ती, वजन बढ़ना, कब्ज, ऊंचा सुनाई देना, महावारी का अनियमित होना व डिप्रेशन की शिकायत है तो सावधान रहे। यह थायराइड के लक्षण हो सकते है। हालांकि एक ही मरीज में ये सारी परेशानियां एक साथ नहीं होतीं। थायराइड में ज्यादातर महिलाओं में एक से चार किलो वजन बढ़ सकता है। यह बात आगरा एसएन मेडिकल कॉलेज से सेवानिवृत्त डॉ.एके गुप्ता ने कही।

विश्व थायराइड दिवस पर शनिवार को आईएमए सभागार सेवा के मंदिर में सीएमई प्रोग्राम का आयोजन हुआ। डॉ.एके गुप्ता ने बताया कि थायराइड ग्रंथि (ग्लैंड) गर्दन में होती है, इसका वजन 15 से 20 ग्राम होता है। सामान्य स्थिति में यह दिखाई नहीं देती है। लेकिन यह शरीर की मेटाबॉलिक गतिविधियों को संचलित (कंट्रोल) करती है। थायराइड से निकले वाले हार्मोन को थाइरॉक्सिन कहते हैं। इस हार्मोन के कम निकलने से हाईपोथाइरोडिज्म होता है। यह 50 वर्ष की उम्र में 10 प्रतिशत महिलाओं और 65 वर्ष की उम्र में 10 प्रतिशत पुरुषों को होता है। उन्होंने बताया कि हाइपोथॉइरोडिज्म का सबसे प्रमुख कारण हाशीमोटो होता है, जिसमें दवा जीवनभर चलती है। लेकिन कुछ बीमारियों में जैसे प्रसव के बाद थॉयराइड होने पर डॉक्टर की सलाह पर काफी मरीजों में एक साल बाद दवा बंद हो जाती है। हाइपरथाइरोडिज्म में वजन कम होने लगता है और आंखें उभर आती हैं। नियमित दवा के सेवन से मरीज दो साल में ठीक हो जाते हैं। बच्चों में थॉयराइड ग्रंथि 10 से 15 साल में बढ़ जाती है। ठीक होने में इनको भी एक से दो साल लगते हैं। थायराइड में कैंसर भी होता है, जो ठीक तरह से इलाज के बाद और फिर रेडियोएक्टिव आयोडिन से पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है।




जानकारी देते डॉ. डॉ.एके गुप्ता, डॉ.नंदिनी रस्तोगी और कुनाल सहाय। अमृत विचार

### ये डॉक्टर रहे मौजूद

आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी, चेयरपर्सन डॉ.एके त्रिवेदी, उपाध्यक्ष डॉ.अखिलेश शर्मा, सचिव डॉ.कुणाल सहाय, वैज्ञानिक सचिव डॉ. मनीष निगम, वित्त सचिव डॉ. दीपक श्रीवास्तव, संयुक्त वैज्ञानिक सचिव डॉ. गौरव मिश्रा, प्रोग्राम के चेयरपर्सन डॉ. किरण सिन्हा, डॉ. रजत मोहन, डॉ.शिवेंद्र वर्मा आदि रहे।

# पहले जमीन की जांच, फिर प्रस्ताव पर बात

## व्यापारी बोले- नजूल की जमीन पर बसी कलेक्टरगंज गल्ला मंडी, वर्ष 2009 में बंद हुई किराया वसूली

**काम्प्लेक्स का विरोध**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलेक्टरगंज गल्ला मंडी में काम्प्लेक्स का कारोबारियों ने पुरजार विरोध कर दिया है। बाजार के कारोबारियों ने कहा कि सबसे पहले यहां की जमीन की जांच होनी चाहिए। इसके बाद प्रस्ताव पर चर्चा होनी चाहिए। कारोबारियों ने यह भी दावा किया कि बाजार की जमीन नजूल की है। नजूल की जमीन होने के चलते यहां पर नगर निगम काम्प्लेक्स बना ही नहीं सकता है।

काम्प्लेक्स का विरोध कर रहे कारोबारियों ने जमीन के मालिकाना हक का मुद्दा उठाया है। काम्प्लेक्स का विरोध कर रहे भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा ने दावा किया है कि जिस जमीन में कारोबारी अपना व्यापार कर रहे हैं असल में वह जमीन नजूल की है। इस जमीन पर कारोबारियों से वर्ष 2009 तक नगर निगम किराया लेता था। इसकी रसीदें भी व्यापारियों के पास है। 2009 में जमीन नजूल की होने का खुलासा होने पर नगर निगम ने खुद ही किराया लेना बंद कर दिया था। काम्प्लेक्स का प्रस्ताव तैयार करने से पहले नगर निगम को जमीन की जांच करनी चाहिए थी। अभी भी कारोबारी यह मांग रहे हैं कि पहले जमीन की जांच होनी चाहिए फिर काम्प्लेक्स की बात होनी चाहिए।



कलेक्टरगंज गल्ला मंडी में काम्प्लेक्स बनाने की तैयारी है। अमृत विचार

### प्रशासन से होगी मांग

- कारोबारियों ने कहा कि जमीन की जांच के लिए वे जल्द ही डीएम से अपनी बात रखेंगे। मांग करेंगे कि पूरी जमीन की जांच कराई जाए। बाजार से हजारों लोगों का घर चलता है। ऐसे में यहां पर काम्प्लेक्स बनाए जाने से सभी का कारोबार प्रभावित होगा। बाजार में कई ऐसे कारोबारी हैं, जिनकी तीसरी और चौथी पीढ़ी बाजार में कारोबार कर रही है। यही वजह है कि यहां के कारोबारी काम्प्लेक्स बनाए जाने का विरोध कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं व्यापारी



जब से मंडी में काम्प्लेक्स बनाए जाने की बात उठी है पांच व्यापारियों को हार्ट अटैक पड़ चुका है। इन पांच में दो व्यापारी राजेंद्र राठौर और राजू मिश्रा का देहांत हो चुका है। दो व्यापारी शंकर लाल राठौर और बंटी राठौर अस्पताल से ठीक होकर वापस आए हैं जबकि व्यापारी महेश अग्रहरी अभी भी अस्पताल में ही भर्ती हैं।

–पवन गुप्ता, महामंत्री, कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल



काम्प्लेक्स की बात उठने के बाद मंडी का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। दाल मिलों से कारोबारियों को फोन कर बाजार का हाल लिया जा रहा है। छोटा व्यापारी भी इन चर्चाओं और विरोध की वजह से प्रभावित है। वह भी किसी अनहोनी के संशय में माल भरने से डर रहा है। व्यापार अभी से ही पूरी तरह से प्रभावित होना शुरू हो गया है। व्यापारियों की बात नहीं सुनी गई तो आगे काफी मुश्किल होगी।

–जितेंद्र गुप्ता, व्यापारी



कलक्टरगंज का कारोबार प्रभावित होने से सिर्फ यहां पर प्रत्यक्ष रूप से व्यापार करने वाले ही प्रभावित नहीं हो रहे हैं। इसका सीधा असर ट्रांसपोर्टरों के ऊपर भी पड़ेगा। इसके अलावा कई छोटे रिटेल दुकानदार भी जो यहां से माल खरीदते हैं उनपर भी गहरा असर होगा। व्यापारी काम्प्लेक्स को किसी भी सूरत में बर्दाश्त करने वाले नहीं है।

–विजय यादव, व्यापारी



बाजार में ज्यादातर ऐसे व्यापारी हैं जिनकी तीसरी व चौथी पीढ़ी आज बाजार में व्यापार कर रही है। काम्प्लेक्स बनने के विवाद के बीच अब वे असमंजस में हैं। व्यापारी और उसका पूरा परिवार रात में ठीक से सो तक नहीं पा रहा है। छोटा कारोबारी यह नहीं समझ पा रहा है कि काम्प्लेक्स बनने के बाद मंडी का स्वरूप क्या हो होगा।

–अंशुल गुप्ता, व्यापारी



कलक्टरगंज के कारोबारियों पर नगर निगम बैठे-बिठाए मुसीबत खड़ी कर रहा है। यदि इसे दूसरे लहजे में कहा जाए तो प्रस्ताव पास होने के दिन से नगर निगम यहां के व्यापारियों और उसके परिवार का मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। यहां के व्यापारियों के घरों का माहौल भी बदल गया है। सभी भविष्य की परेशानियों से ग्रसित हैं।

–राकेश गुप्ता, व्यापारी



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलने पहुंचे कलेक्टरगंज के व्यापारी। अमृत विचार

# नगर निगम के अफसरों को रोका जाए

- कलेक्टरगंज के व्यापारियों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात
- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बोले, वे व्यापारियों के साथ हैं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलेक्टरगंज के व्यापारी शनिवार को कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के विरोध करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिले। मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने विधानसभा अध्यक्ष को अपनी समस्याएं बताई। इस पर कारोबारियों ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों को अब बाजार आने से रुकना चाहिए। उनके आने से बाजार का माहौल खराब होता है। कारोबारियों की मांगों पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वे हमेशा कारोबारियों के साथ खड़े हैं। मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को व्यापारियों की मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा।

विधानसभा अध्यक्ष के आवास पर ज्ञापन देने पहुंचे भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र, महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने और महानगर युवा अध्यक्ष व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि इस योजना से व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। व्यापारियों ने कॉमर्शियल काम्प्लेक्स नहीं बनाए जाने व कलक्टरगंज ग़ल्ला मंडी की ज़मीन नगर निगम या नजूल की भूमि होने की जांच करने की मांग की।

इस दौरान कहा गया कि सौ वर्ष से अधिक समय से कलक्टरगंज ग़ल्ला मंडी में व्यापारी व्यापार कर रहे हैं। आचार संहिता के बाद विधानसभा अध्यक्ष के साथ व्यापारियों व नगर निगम की बैठक हो जिसमे व्यापारियों के हित मे निर्णय होना चाहिए। इस दौरान कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र शुक्ला व संयोजक अनुराग जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर कलक्टरगंज के व्यापारियों के साथ महानगर की हर बाजार का व्यापारी खड़ा है।

मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नगर आयुक्त से बात करके कहा कि कलक्टरगंज मे सौ वर्षों से अधिक समय से व्यापारी व्यापर कर रहे है और नगर निगम का कोई भी अधिकारी को कलक्टरगंज गल्ला मंडी न जाए और व्यापारियों को आश्वासन दिया कि वो व्यापारियों के साथ है। ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप मे व्यापार मंडल से हरिश्चन्द्र जायसवाल, केके गुप्ता, राकेश गुप्ता, राजा गुप्ता, अशोक अग्रहरी, दिनेश तिवारी, सिद्दू जायसवाल, ध्रुव अरोड़ा, अंशुल गुप्ता, सुनील साहू, दीपक गुप्ता, मनीष गौड़, मनीष भवानी आदि मौजूद रहे।



मदर्स डे के मौके पर महिलाओं ने रैंप पर जलवा बिखेरा। अमृत विचार

# मदर्स रैंप वॉक पर फैशन का जलवा, गूंजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक शाम मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाइंस स्थित कैप्सूल रेस्टोरेंट में हुआ, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं मदर्स रैंप वॉक डांस, किड्स रैंप वॉक डांस, मदर्स किड्स रैंप वॉक ने सभी का दिल जीत लिया। बॉलीवुड थीम पर तैयार होकर रैंप वॉक आकर्षण का केंद्र रहा। हेमन संत, श्वेता वर्मा, सिमरन कौर ने जज की भूमिका निभाई और प्रतिभागियों को उनकी योग्यता के अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान दिया।

कार्यक्रम आयोजक सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का मकसद महिलाओं को जागरूक और उनका सम्मान करना है। गणेश वंदना के बाद कार्यक्रम ने गति पकड़ी। एंकर प्रतीक त्रिवेदी ने खेल खिलाकर सभी का मनोरंजन किया। छोटे-छोटे बच्चे शिव शंकर, पुलिस इंस्पेक्टर की वेशभूषा में आए।

कार्यक्रम में नेहा अग्रवाल, नेहा रस्तोगी, रेनू भारती, तृप्ति अग्रवाल, कंचन सिंह, दीपिका सिंह, नीलम पाठक, पुनीतम गुप्ता, विनीता अग्रवाल, सुरभि द्विवेदी, गौरी गुप्ता, सीमा गुप्ता, दीपिका श्रीवास्तव, सोनी जायसवाल, सोनल गौड़, पूनम गुप्ता, पूजा बाजपेई, किरण गुप्ता, आदि रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट सहयोगी जुगल किशोर, जीवा, प्रभाकर मसाले, रितु मेकओवर, सुरभि गुप्ता, दुलारे ज्वेलर्स का सहयोग रहा।

### मर्चेंट चैंबर में होगा हनुमान चरित्र का वर्णन

**कानपुर।** चिन्मय मिशन की ओर से हनुमान चरित्र का वर्णन 26 से 31 मई तक मर्चेंट चैंबर सभागार सिविल लाइंस में होगा। चिन्मय मिशन इंदौर के आचार्य स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती की ओर से शाम 6 से 8 बजे तक श्रीहनुमान चरित्र का वर्णन किया जाएगा। 28 मई को संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। हनुमान चरित्र वर्णन में बाल हनुमान से लेकर रामभक्त हनुमान का पूरा वर्णन होगा।



आचार्य स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती।

# पनकीधाम में बढ़ेगी मालगाड़ी ट्रैक की लंबाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (सीसीएम) प्रभात रंजन ने शनिवार को सेंट्रल स्टेशन और पनकीधाम स्टेशन का निरीक्षण किया। शताब्दी यात्रियों के लिए खाना बनने वाले बेस किचन का भी हाल देखा। पनकी स्टेशन पर गुड्स शेड के ट्रैक की लंबाई कम होने की वजह से दो बार में रैक खाली होता है। इसकी वजह से शटिंग करने के साथ ही खाली कोचों को अलग करना बड़ी समस्या है। इसकी जानकारी होने पर सीसीएम ने जिम्मेदारों से कहा कि इस समस्या का समाधान स्थायी रूप से कराया जाए। शेड के ट्रैक की लंबाई को मालगाड़ी के वैगनों की लंबाई के बराबर करें, ताकि एक बार जब रैक लगे तो पूरे वैगन खाली हो जाएं।

प्रयागराज से चौरीचौरा से सेंट्रल स्टेशन पहुंचे सीसीएम प्रभात रंजन ने किचन, पार्सल, लोको आदि स्थानों पर पहुंचकर कामकाज देखा। सबसे पहले वह बेस किचन पहुंचे, जहां उन्हें खाना तेयार होते मिला। तैयार चावल की गुणवत्ता देखी। कुछ कर्मचारी सब्जी काट रहे थे, ग्लब्स न पहने होने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

पनकीधाम रेलवे स्टेशन पर उन्होंने रीडेवलपमेंट कार्यों का निरीक्षण किया। यहां अधिकारियों से गुणवत्ता पर जोर दिया।

उन्होंने शेड के ट्रैक की लंबाई को मालगाड़ी के वैगनों की लंबाई के बराबर कराने के निर्देश दिए। जिससे एक बार में जब रैक लगे तो पूरे वैगन खाली हो जाएं। पनकीधाम का निरीक्षण करने के बाद सीसीएम सेंट्रल पहुंचे। लंच के बाद टीटीई रूम, किचन का निरीक्षण किया। टीटीई की समस्याओं को सुना और समाधान के निर्देश दिए। किचन में गुणवत्ता की बात दोहराई। कहा कि यात्रियों को सेहतमंद भोजन दिया जाए।



सेंट्रल स्टेशन पर निरीक्षण करते मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (सीसीएम) साथ में डिप्टी सीटीएम। अमृत विचार

### रनिंग रूम में समस्या देखकर हुए नाराज

- सीसीएम प्रभात रंजन ने डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह के साथ टीटीई रनिंग रूम का निरीक्षण किया। रनिंग रूम में मौजूद कर्मियों ने गर्मी की समस्या बताई। कहा कि एसी कूलिंग नहीं कर रहा है। पंखा चलता है, लेकिन पसीने से भीग जाते हैं। सभी गर्मी से परेशान रहते हैं। इस पर सीसीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाए। स्टाफ की परेशानियों को नजरदांज करना ठीक नहीं है।

### रीडेवलपमेंट में गुणवत्ता-समय का रखें ख्याल

- सीसीएम ने सेंट्रल स्टेशन के रीडेवलपमेंट कार्यों का भी निरीक्षण डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह के साथ किया। उन्होंने अधिकारियों से साथ टहलकर हर काम को देखा। कहा कि तय समय सीमा में काम पूरा हो जाना चाहिए। इसके साथ ही गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता न हो। यात्रियों की सुविधाओं का भी निर्माण कार्य के दौरान ध्यान रखा जाए।

# कुश्ती टीम का ट्रायल 27 को

**कानपुर।** जिला कुश्ती संघ की ओर से अंडर-17 और अंडर-23 पुरुष व महिला वर्ग का ट्रायल 27 मई को राजनारायन कुश्ती एकेडमी में होगा। ट्रायल में चयनित पहलवान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहर टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल में खिलाड़ी चिकित्सा और माता-पिता के प्रमाणपत्र के साथ भाग ले सकते हैं। आयु का सत्यापन आधार कार्ड, पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र से किया जाएगा। ट्रायल दोपहर तीन से चार बजे तक होगा।

# समर स्पेशल का एसी फेल, खड़ी रही

- यात्री ने रेल मंत्री को ट्वीट कर बच्चों, महिलाओं की समस्या बताई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अहमदाबाद से दरभंगा जा रही 09465 समर स्पेशल क्लोन एक्सप्रेस का एसी झांसी स्टेशन के पास फेल हो गया। जिससे थर्ड एसी कोच में सवार यात्री गर्मी और उमस से बेहाल हो गए। इसी कोच में सफर कर रहे महेंद्र श्रीवास्तव ने रेल मंत्री को ट्वीट कर एसी फेल होने की जानकारी दी। झांसी से सेंट्रल पहुंचने पर कोच का एसी ठीक किया गया। इस दौरान करीब एक घंटे ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी रही।



समर स्पेशल ट्रेन में सवार यात्रियों ने बताया झांसी से छूटते ही एसी फेल हो गया था। एसी फेल होने की जानकारी ट्वीट से रेल मंत्री और अधिकारियों को दी गई। झांसी से सेंट्रल स्टेशन पहुंचने तक थर्ड एसी कोच में सवार सभी यात्री बेहाल हो गए। छोटे बच्चे रोने-चिल्लाने लगे। सभी पसीने से भीगे थे।

शाम 4.28 बजे क्लोन एक्सप्रेस जैसे ही सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म पांच पर पहुंची। तब इलेक्ट्रिक स्टाफ ने उसे अटेंड किया। एसी का कूलिंग ठीक करने में इंजीनियरों को लगभग एक घंटे का समय लगा। जिसके कारण ट्रेन 5.24 बजे प्लेटफार्म से रवाना हो सकी।



महिला दुकानदारों ने नगर निगम गेट पर प्रदर्शन किया। अमृत विचार

# जीटी रोड से दुकानें हटाने पर नगर निगम में प्रदर्शन

- नगर निगम पहुंचकर नारेबाजी के साथ उठाई आवाज
- महापौर के नहीं मिलने पर सोमवार को बुलाया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीटी रोड के फुटपाथ पर हैलट एसजीपीजीआई के बाहर लगने वाली दुकानों को हटाए जाने के विरोध में दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। नगर निगम के गेट पर पहुंचकर महिलाओं ने नारेबाजी की। महापौर प्रमिला पांडेय को ज्ञापन देने पहुंची महिलाओं ने गेट पर बैठकर धरना दिया। महापौर के कार्यालय में नहीं होने पर उन्हें सोमवार को बुलाया गया है।

प्रदर्शन कर रही श्वेता सिंह चौहान ने बताया कि हम लोग वर्षों से जीटी रोड के किनारे दुकान लगाकर जीवन यापन करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान नगर निगम के अधिकारियों ने दुकानों को हटा दिया था और कहा था कि रोड शो के बाद दुकानें लगेंगी। इसके बाद जब हम लोगों ने फिर से दुकानें खोली तो आए दिन अधिकारी धमकी देकर जाते हैं कि फुटपाथ से दुकानें हटा लें, अन्यथा सामान उठा ले जाएंगे। फुटपाथ पर 12 महिलाएं दुकानें लगाती हैं। सभी महिलाओं के सामने जिंदगी गुजारने की समस्या खड़ी हो गई है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**सेमिनार** यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए वक्ताओं ने कानून का अनुपालन करने पर दिया जोर

# बेटों की तरह करें बेटियों की परवरिश और मन की बात समझें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेटियों की बेटों तरह परवरिश करें। जिससे बेटियां अपने परिजनों से खुलकर मन की बातों को रख सकेंगी और यौन उत्पीड़न के मामलों में रोक लगेगी।

यह बात बतौर पूर्व एनआईआरसी अध्यक्ष सीएस राकेश श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि जब बेटियां खुलकर बात करेंगी तभी यौन उत्पीड़न के मामले खुलकर सामने आएंगे। सिविल लाइन स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित सेमिनार में वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यौन उत्पीड़न की रोकथाम को कानून के अनुपालन पर जोर दिया। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के कानपुर चैप्टर के तत्वाधान में आयोजित सेमिनार में एनआईआरसी के कोषाध्यक्ष सीएस अवनीश श्रीवास्तव ने यौन उत्पीड़न को नियंत्रित करने वाले कानूनों पर बात की। उन्होंने बताया कि 52 फीसद महिलाएं कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का अनुभव करती हैं। 25 फीसद को बिना आमंत्रण के छुआ गया। उन्होंने कहा कि केवल 20 फीसद ही इसकी रिपोर्ट करती हैं। 80 फीसद का मानना है कि परिणाम खराब है और 16 फीसद महिलाओं ने कहा कि उनके रिपोर्ट करने के बाद स्थिति और खराब हो गई। कंपनी सचिव को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित कानून का अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएस अमित गुप्ता ने बताया कि कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा सेक्रेटेरिएट ऑडिट की शुरूआत सही निर्णय रही है और संबंधित कंपनी का बोर्ड प्रभावशीलता का आकलन करने में सक्षम है। सेक्रेटेरिएट ऑडिट, सदस्यों, निवेशकों और नियामकों सहित अपने हितधारकों को अनुपालन स्वास्थ्य, शासन के संबंध में आश्वासन प्रदान करता है। उनके निवेश की सुरक्षा के संबंध में आश्वासन प्रदान करता है। इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ने पालन के लिए 4 ऑडिटिंग स्टैंडर्ड जारी किए हैं। इनको 01 अप्रैल, 2021 से प्रभावी बना दिया गया है।

आईसीएसआई के कानपुर चैप्टर की चेयरपर्सन सीएस रीना जखोदिया ने सदस्यों का स्वागत किया और कानूनों के अनुपालन के महत्व को समझाया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सीएस वैभव अग्निहोत्री, वाईस चेयरमैन सीएस आशीष बंसल, कोषाध्यक्ष सीएस ईशा कपूर, सचिव सीएस मनीष पाल, सीएस जागृति मिश्रा, सीएस अम्ब्रीश श्रीवास्तव, सीएस मनीष शुक्ला, सीएस वैभव गुप्ता, सीएस श्रीधर, सीएस हेमंत सजनानी, सीएस नितिन मल्होत्रा, सीएस राहुल मिश्रा, सीएस मनोज यादव आदि लोग मौजूद रहे।




सेमिनार के मौके पर अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। अमृत विचार

# अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों का हाल-बेहाल, पानी के लिए भटके

## दस घंटे भी बिजली आपूर्ति नहीं हो रही, ग्रामीण इलाके में 18 घंटे हो रही कटौती

संवाददाता,बिल्हौर




**अमृत विचार।** बिल्हौर के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली की अघोषित कटौती से खासे परेशान हैं। भीषण गर्मी और उमस से झुलस रहे बिजली उपभोक्ताओं को शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समय पड़ रही बदन को झुलसाने वाली उमस व गर्मी जहां लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है, वहीं बिजली की कटौती से लोग त्रस्त हैं। जबकि पावर कारपोरेशन तथा प्रदेश की योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली आपूर्ति का रोस्टर जारी किया हुआ है, लेकिन लोगों को 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली की अघोषित कटौती से कस्बों की पेयजल व्यवस्था भी चरमरा गई है। आटा चक्की बंद हो जाने से लोगों को शहर की ओर जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र में बिजली न आने से सिंचाई के अभाव में फसलें भी सूखने लगी हैं। विद्युत कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है, बिजली कब आती है और कब चली जाए इसका भरोसा नहीं है। लोगों ने कई बार मांग की है कि विद्युत कटौती का समय निर्धारित किया जाए, लेकिन आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। विद्युत कटौती के चलते जनमानस कराह उठा है। बिजली की अव्यवस्था से सबसे ज्यादा बुजुर्ग और बच्चे परेशान हैं, उनकी रात की नींद हराम है। बिजली की कटौती को लेकर जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों की अनदेखी चिंता का विषय है क्योंकि बिजली की किल्लत के साथ-साथ पीने के पानी की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है और लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। विद्युत उपभोक्ताओं ने मांग की है कि शीघ्र ही बिजली कटौती का समय निर्धारित किया जाए। जिससे लोगों को इस परेशानी से छुटकारा मिल सके।

### सिंचाई तक नहीं हो पा रही

- विषधन कस्बे मे ट्रांसफार्मर की मरम्मत के नाम पर बीते 48 घण्टे से ज्यादा समय से बत्ती गुल है। कस्बे के संजय यादव, मिंटू राठौर, रिंकू राठौर, वीनू गुप्ता आदि ने बताया कि आए दिन बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। बिजली बकाया के नाम पर अधिकारी सख्ती करते है। जबकि बिजली देने के नाम पर पीछे है। इसी तरह देवहा गांव मे भी भारी कटौती हो रही है। शनिवार को बिल्हौर कस्बे के बलराम नगर मोहल्ले में लगभग 48 घण्टे बिजली गुल रही। लोग पानी की किल्लत से परेशान दिखे। जबकि कमसान फीडर में भी कटौती होने से किसानों ने फसलों को सूखने की जानकारी दी। वहीं दोपहर बिल्हौर एसडीओ अमर नाथ खुद ही फोन बंद कर बैठे थे।

'लगातार गर्मी में बिजली पर लोड बढ़ रहा है फिर भी विभाग सब जगह समुचित आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां से शिकायतें आई हैं वहां तत्काल जांच करवाई जा रही है'

**अनुज सेठ (अधिशाषी अभियंता)**

## लैब टेक्नीशियन के घर से लाखों के जेवर चोरी

**घाटमपुर।** इटर्रा के मजरा कल्यानपुर गांव में एक घर में चोरों के लाखो रुपए की चोरी कर घटना को अंजाम दिया है। चोर लाखो के कीमत के जेवरात व 35 हजार रुपए नकदी पार कर ले गए है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के इटर्रा के मजरा कल्याणपुर गांव निवासी शैलेंद्र सचान ने शनिवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह हमीरपुर जिले में चिकित्सा विभाग में लैब टेक्नीशियन की पद पर कार्यरत है। घर पर उनके वृद्ध माता पिता रहते है। देर रात अज्ञात चोरों ने घर के आंगन में पड़ा लोहे के जाल को काटकर घर में दाखिल हुए। जिसके बाद चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे बक्शे का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की चैन, सोने की अंगूठी व मंगलसूत्र व चांदी की पायल व चांदी का बिछुआ व दो जोड़ी तोड़िया तथा बीस हजार रूपये नगद व चाचा जयकरन सचान के बक्से में रखे पत्नी के जेवरात ,पंद्रह हजार रूपये चोरी कर ले गये।

## टॉप टेन अपराधियों के घर छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मादक पदार्थ के तस्कर के परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को कमिश्नरेट पुलिस ने शहर के एक दर्जन से अधिक अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर व मादक पदार्थों के तस्करों के घरों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अपराधियों के घरों से पिस्टल, कारतूस, तमंचे समेत लाखों की नकदी बरामद की।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर शनिवार को डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने जाजमऊ, चकेरी, कैंट, रेलबाजार पुलिस फोर्स के साथ पिंटू सेंगर हत्याकांड के आरोपी पप्पू स्मार्ट व सऊद अख्तर के घर की तलाशी ली।पुलिस को सूचना मिली थी कि पप्पू स्मार्ट के घर में आपराधिक गतिविधि हो रही है, जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने छापेमारी की। वहीं गैंगस्टर सऊद अख्तर के घर पर पुलिस को ताला लगा मिला। पिंटू सेंगर हत्याकांड के आरोपी पप्पू स्मार्ट और सऊद अख्तर कुछ दिनों पहले ही जमानत पर छूटकर बाहर आए है। इस दौरान पुलिस को वहां कोई शख्स को नहीं मिला। लेकिन पुलिस को एक देशी पिस्टल और कुछ कारतूस बरामद हुए। वही शनिवार शाम एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने शास्त्री नगर काली मठिया निवासी ड्रग माफिया हिस्ट्रीशीटर सुशील कुमार शर्मा उर्फ बच्चा के घर 10 थानों की फोर्स के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सुशील के एक घर में पुलिस को ताला लगा मिला, जबकि दूसरे घर की तलाशी के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एसीपी ने बताया कि सुशील व उसका भाई राजकुमार ड्रग्स का कारोबार करते थे। कई बार पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जमानत पर छूटने के बाद आरोपी भाईयों के दोबारा मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी, जिस पर छापेमारी की गई। बताया कि सुशील पर मादक पदार्थों की तस्करी समेत 35 गंभीर मुकदमें दर्ज है, जबकि उसके भाई राजकुमार के खिलाफ 15 मुकदमें है। वहीं सेंट्रल जोन में पुलिस ने बिकरू कांड के आरोपी जयकांत बाजपेई के घर पहुंची, हालांकि इस दौरान पुलिस को जयकांत के घर कुछ नहीं लगा। सेंट्रल जोन की पुलिस ने तीन जून हिंसा के आरोपी हाजी वसी के घर छापेमारी की। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि वसी के घर से पिस्टल के 15 कारतूस और रिवाल्वर के छह कारतूस मिले हैं।

- सभी डीसीपी ने की अपने-अपने क्षेत्रों में छापेमारी, पांच लाख नकदी मिली

## ईंट लदे ट्रैक्टर से गिरे युवक पर ट्राली का पहिया चढ़ा, मौत

संवाददाता, भीतरगांव

- सरसौल से ईंट लाद कर घाटमपुर जाते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** साढ़ थाना के सामने तिवारीपुर गांव के पास देर रात ईंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठा युवक अचानक सड़क पर गिर गया ट्रैक्टर ट्रॉली के टायर के नीचे आने से युवक की कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


विशाल।

जानकारी के अनुसार उन्नाव जिले के सरोसा गांव निवासी विशाल (26) मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था देर रात वह सरसौल से ट्रैक्टर ट्रॉली में ईंट लाद कर घाटमपुर आ रहा था जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली तिवारीपुर गांव के पास पहुंची तभी युवक अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली से नीचे आ गिरा हादसे में युवक की ट्रैक्टर ट्रॉली के टायर के नीचे आ जाने से कुचल कर दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला यहां से निकल रहे राहगीरों ने घटना की सूचना फोन कर पुलिस को दी जानकारी मिलते मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ युवक के परिजनों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया की युवक उन्नाव जिले का रहने वाला है। ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## दोनों शव घर पहुंचते ही कोहराम, पड़ोसियों के चूल्हे नहीं जले

फॉलोअप

शिवराजपुर, संवाददाता

- गंगा में नहाने के दौरान दो दोस्तों की शुक्रवार को गई थी मौत

**अमृत विचार।** शुक्रवार दोपहर बाद गंगा नदी में स्नान करने के दौरान दो सगे भाई और उनका एक दोस्त स्नान के दौरान डूब गया। वहां स्नान कर रहे लोगों ने एक को तो बाहर निकाल लिया और दो दोस्तों की डूब कर मौत हो गयी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों को बाहर निकलवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। शनिवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम हाउस से जैसे ही दोनों दोस्तों के शव शिवराजपुर कस्बा उनके घर पहुंची तो मोहल्ले मे कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 कस्बा निवासी श्लोक अवस्थी (16) और उसका छोटा भाई सक्षम अवस्थी (11) वार्ड नंबर 11 निवासी अपने दोस्त दीप बाजपेई (17) वर्ष के साथ गंगा नदी में स्नान करने के दौरान गहरे जल में चले गए थे। चीख-पुकार मचने पर वहां मौजूद लोगों ने सक्षम को बचा लिया था। दीप और श्लोक अवस्थी की डूबने से मौत हो गई थी। शनिवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम हाउस से दोनों के शव वापस जब घर पहुंचे तो कोहराम मच गया परिजन और रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल था घटना के बाद लगातार मृतकों के परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है पड़ोस के कई घरों में चूल्हे नहीं जले।


दीप बाजपेई।


श्लोक अवस्थी।


पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों से मिलते विधायक के भाई ललित बच्चा सोनकर।



घटना के बाद मृतक के घर पर मौजूद पड़ोसी।

### गहरे जल के लगाए जाएं संकेतांक

- ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की यह कि जिस जगह यह घटनाएं लगातार हो रही है। वहां पर रस्सी और बल्ली के सहारे बेरीकेटिंग कर दी जाए। जिससे गंगा स्नान करने आए लोग उधर ना जा सके। साथ ही गहरे जल के संकेतांक भी लगाया जाए।

### घर का इकलौता था दीप

- वार्ड नंबर 11 निवासी दीप बाजपेई एक बहन है भाइयों में वह अकेला था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक ही बात कह रहे थे वो लोग क्यों गए गंगा घाट पर नहाने, अब कैसे जिएंगे हम लोग।

### सरैया घाट पर पुलिस की ड्यूटी लगाने की मांग

ग्रामीणों में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर आक्रोश है। लोग सिपाही की मौके पर ड्यूटी लगाने की मांग कर रहे हैं जिससे एक सरैया घाट पर स्नान करने आए लोग गहरे जल में ना जा सके। जो युवक छलांग लगाकर गंगा में स्नान करते हैं उनको भी रोका जा सके जिससे घटनाएं न हों।

### साथ रहने का करते थे वादा

- कस्बा निवासी श्लोक अवस्थी और दीप बाजपेई दोनों के बीच अच्छी दोस्ती थी। कहीं भी जाना होता था तो दोनों अक्सर साथ ही जाते थे। उनके दोस्तों ने बताया दोनों की पक्की दोस्ती थी। दोनों एक दूसरे को एक साथ रहने की बात करते थे। कहते थे कि हम लोगों की दोस्ती बुढ़ापे तक ऐसे ही चलेगी लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। दोनों दोस्तों की एक ही घाट पर एक साथ चिताएं भी जली।

### एक महीने में 4 लोग डूबे

जिस जगह दो किशोर की डूब कर मौत हुई है। उसी जगह 20 दिन पूर्व रूरा क्षेत्र और कानपुर के एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी। घाट पर मौजूद लोगों ने बताया कि जिस जगह यह दोस्त नहा रहे थे वहां काटन अधिक है।

### विधायक ने फोन से की बात

क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर के भाई ललित बच्चा सोनकर ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर विधायक से मृतक के परिजनों से फोन पर बात कराई ग्रामीणों ने विधायक से गंगा घाट पर एक चौकी बनवाने की मांग की है।

### गंगा हो रही मैली


सीसामऊ नाले को टैप करने के बाद वहां सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। तब 14 दिसंबर 2019 को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बोट पर बैठकर इस नाले को देखा था और वहां बने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी का भी अवलोकन किया था। लेकिन यह नाला अब फिर गंगा में हर दिन कचरा उड़ेल रहा है। यह सबकुछ जानने के बाद भी अधिकारी मौन हैं, क्योंकि इसके लिए वे खुद ही जिम्मेदार हैं। ● अमृत विचार

## पैन इंडिया मास्टर गेम्स में जाएंगे प्रणव

**कानपुर।** ऑस्ट्रेलिया के क्वीनसलैंड में पैन इंडिया मास्टर गेम्स ट्रायथलन का आयोजन छह से नौ नवंबर के बीच होगा। जिसमें शहर के प्रणव द्विवेदी यूपी से प्रतिभाग करने वाले अकेले खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 21 से 24 मई तक हैदराबाद में हुई पैन इंडिया मास्टर गेम्स में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। सिविल लाइंस निवासी प्रणव ने

हैदराबाद में हुई प्रतियोगिता में कई कैटेगरी में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीते थे। प्रणव द्विवेदी के अनुसार ट्रायथलन मानसिक और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता है। इसमें सबसे पहले 1900 मीटर तैराकी करनी होती है। इसके बाद 91 किलोमीटर की साइकिलिंग फिर 21 किलोमीटर रनिंग करते हुए फाइनल स्थान पर पहुंचना होता है।

## लावारिस को अपनों से मिलाया

संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में घायल लावारिस महिला का इलाज कराने के साथ ही हैलट के डॉ.फहीम अंसारी ने उसके परिजनों की खोजबीन की। काफी प्रयासों के बाद डॉक्टर का महिला के परिजनों से संपर्क हुआ। 25 मई को परिजन के अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को उनके सुपुर्द कर दिया।

हैलट अस्पताल के अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.संजय कुमार ने बताया कि पांच अप्रैल की भोर प्रहार तीन बजे बिल्हौर पुलिस सड़क हादासे में घायल सोमवती (लावारीस) को हैलट अस्पताल लेकर पहुंची थी। बाए हाथ में फ्रैक्चर होने पर महिला को डॉ.फहीम अंसारी की यूनिट में इमरजेंसी में भर्ती किया गया। महिला के साथ कोई परिजन न होने पर उस समय भर्ती की प्रक्रिया लावारिस के रूप में की गई थी। इसके बाद उसे इमरजेंसी से वार्ड नंबर आठ के बेड नंबर 36 पर शिफ्ट किया गया। गुरुवार यूनिट में शामिल सह आचार्य डॉ. मोहम्मद फहीम अंसारी व विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार की टीम ने महिला का पुरा इलाज किया। इधर, डॉ.फहीम ने महिला के परिजनों को भी ढूंढ़ने का प्रयास जारी रखा। सफलता मिलने पर उन्होंने महिला के परिजनों से संपर्क किया और पुष्टि होने के बाद 25 मई को महिला को उनके परिजनों के सुपुर्द किया।


महिला को देखते विभागाध्यक्ष प्रो .संजयकुमार, साथ में डॉ .फहीम अंसारी, उनकी टीम।

## सार-संक्षेप

### बुजुर्ग की जेब काट कर 35 हजार किए पार

**घाटमपुर।** पतारा में ऑटो सवार बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए जेबकतरे बुजुर्ग की जेब से 35 हजार रुपए की नकदी पार कर ले गए ।बाद जेब कतरे ऑटो से उतरकर बाइक सवार साथियों के साथ भाग निकले। बुजुर्ग दंपति ने पतारा चौकी में मामले की शिकायत की है। पुलिस जांच में जुट गई है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा के तिलसडा गांव निवासी रामआसरे संख्वार ने पतारा चौकी में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार दोपहर को वह पत्नी शारदा के साथ घाटमपुर बाजार जा रहे थे। पतारा कस्बा स्थित तिलसाड़ा मोड़ के पास से वह घाटमपुर जाने के लिए ऑटो बैठे। उनके ऑटो में बैठने के बाद दो युवक आकर ऑटो में बैठ गए। ऑटो पतारा से जैसे हिरनी मोड़ के पास पहुंचे, तभी दोनों युवकों ने ऑटो रुकवाई और उतर गए। इस दौरान बुजुर्ग ने देखा कि जेब में पड़े 35 हजार रुपए गायब थे। बुजुर्ग ने जेबकतरों को आवाज लगाई लेकिन जेबकतरे बाइक से भाग निकले। ऑटो चालक ने ऑटो मोड़कर बाइक का पीछा किया लेकिन हिरनी मोड़ के बाद वह गायब हो गए। बुजुर्ग दंपति ने डायल 112 में सूचना देने के साथ पतारा चौकी पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### मर्दनपुर नहर में नहाने के दौरान डूबा युवक

**कानपुर।** गुजैनी थाना क्षेत्र में शनिवार को मर्दनपुर नहर नहाने गया एक युवक डूब गया। लोगा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला ।गुजैनी थानाध्यक्ष विनय तिवारी ने बताया कि पतरसा पुल के पास कुछ युवक खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी मर्दनपुर निवासी अलीबक्श का बेटा सोनू खान (30) नहर के किनारे पहुंचा और नहाने के लिए पानी में उतर गया ,जब वह बहुत देर तक पानी से बाहर नहीं निकला तो आसपास के लोगों ने उसकी तलाश शुरु की। कुछ पता नहीं चलने पर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से सोनू की तलाश कराई तो शव मिला।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** दबौली में शनिवार शाम एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शाम को लौटे भाई ने युवती को फांसी पर झूलता देख पुलिस के सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दबौली वेस्ट निवासी गुरुदयाल शर्मा अपनी पत्नी और बेटी नेहा शर्मा के साथ रहते हैं। जबकि बेटा विवेक शर्मा अपनी पत्नी अंजली के साथ दबौली में किराए के मकान में रहता है। विवेक और उसकी पत्नी प्राइवेट नौकरी करते हैं। शनिवार को नेहा भाई घर पर थी। शाम को भाई घर लौटा तो कमरे का दरवाजा बाहर चिपका हुआ था। उसने देखा कि बहन का शव पंखे से लटका था।

### हिस्ट्रीशीटर पूर्व प्रधान को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चौबेपुर।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा खनन माफियायों व हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में शनिवार को थाना पुलिस ने क्षेत्र के खनन माफिया, हिस्ट्रीशीटर व पूर्व प्रधान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अपराधी के पास से अवैध असलहा व कारतूस बरामद हुए। उसे जेल भेजा गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार खनन माफियायों व हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक विपिन कुमार व हेडकांस्टेबल ऋषिराज ने क्षेत्र के रिक्खी पुरवा गांव निवासी खनन माफिया, हिस्ट्रीशीटर व पूर्व प्रधान पवन यादव को भट्ठा कोठी गांव के पास पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक 315 बोर कारतूस व एक 9 एमएम कारतूस बरामद हुए। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़ा गया पूर्व प्रधान हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। इसके खिलाफ चौबेपुर थाने में आबकारी, शस्त्र, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के 15 मामले पंजीकृत हैं।

### अवैध खनन में लगे दो डंपर और पकड़े

**चौबेपुर।** खनन माफियायों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस का शिकंजा कस जा रहा है। शुक्रवार को बहरमपुर गांव से मिट्टी के अवैध खनन में लगे चार डंपर पकड़े जाने के बाद शनिवार को भी थाना पुलिस ने अवैध खनन में लगे दो डंपरों को पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए सभी डंपरों के विरुद्ध खनन अधिकारियों द्वारा कार्रवाई किए जाने के साथ डेढ़ लाख का जुर्माना लगाया।

**आगजनी मामला** | इरफान सोलंकी की पत्नी ने की प्रेसवार्ता ,वादिनी के आरोपों को बताया बेबुनियाद

## जांच की जाए, जो दोषी हो उस पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सोलंकी बोले-हम लोग खुद परेशान हैं, तो उनको क्यों परेशान करेंगे

**अमृत विचार।** आगजनी मामले में नजीर फातिमा की बेटी द्वारा विरोधी पक्ष की ओर से दबाव बनाने का आरोप लगाए जाने के बाद शनिवार को इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी ने मोर्चा संभाला। नसीम ने कहा कि हम पिछले 18 महीनों से खुद परेशान हैं, हम उन्हें क्यो धमकाएंगे। उन्होंने कहा कि कोर्ट मामले की जांच करा ले, इसके बाद जो दोषी हो उस पर कार्रवाई करे।



जाजमऊ आगजनी मामले में नजीर फातिमा की बेटी कनीज जेहार ने सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश और प्रशासनिक न्यायमूर्ति, जिला जज को पत्र लिखा था। कनीज का कहना था कि छह महीने में मुकदमें का निस्तारण होना था, लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी फैसला नहीं आया है। आरोप लगाया था कि विरोधी पक्ष लगातार परिवार पर दबाव बना रहे हैं। शनिवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी, मां और उनके वकील शिवाकांत दीक्षित ने वादिनी के आरोपों को गलत बताया है। नसीम सोलंकी ने कहा कि गुरुवार को हमने वादिनी का बयान देखा था। जिसमें मेरे परिवार पर इल्जाम लगाया गया था। जिसमें कहा जा रहा था कि हम डरा धमका रहे हैं। यह आरोप पूरी तरह से गलत हैं। हम लोगों ने ज्यादा वादी पक्ष परेशान है क्या, हमारे परिवार के दो सदस्य जेल में हैं। महाराजगंज का सफर हम कर रहे हैं।

हम लोग खुद परेशान हैं, तो उनको क्यों परेशान करेंगे। न्यायलय पर भरोसा रखें, यदि हम लोग सही होंगे तो हमारे साथ इंसाफ होगा। यदि हम गलत होंगे तो उसकी सजा मिलेगी। इसकी जांच करा ली जाए कि हम लोगों की कोई कॉल गई हो। जिससे उनको धमकाया गया हो। हमारी लोकेशन देखी जाए। वकील शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि वादिनी जो पत्र लिखकर आरोप लगा रही हैं। इसमें एक रोचक बात है कि मुकदमा तो खत्म हो गया। अब किसी को धमकाना, समझाना इसका हमें क्या लाभ और क्या हानि होगी। आप की गवाही हो चुकी है। जो आरोप लगाने थे लगा चुके हैं। पूरा शहर सीसीटीवी प्रोटेक्टेट है। इसकी जांच कराई जाए कि किसके इशारे पर न्यायलय को प्रभावित कर रही हैं। यह उनका न्यायलय को प्रभावित करने का असफल प्रयास है।

## पार्क में टहलने गई वृद्धा की लूट ली चेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रतनलाल नगर स्थित पर्यावरण पार्क में घूमने आई वृद्धा की लुटेरे चेन छीन कर फरार हो गए। महिला अपने पौत्र के साथ पार्क घूमने आई थी। लूट की सूचना पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।



बर्रा निवासी मीना बाजपेई ने बताया कि शनिवार को अपने पौत्र व मोहल्ले की महिला के साथ पर्यावरण पार्क में टहलने गईं थीं। वह पार्क के गेट से अंदर घुसने की कोशिश कर रही थीं। इस बीच पीछे से आए एक युवक ने झपट्टा मारकर उनके गले में पड़ी चेन तोड़ ली। इस बीच महिला ने चेन पकड़ने का प्रयास किया तो आधी चेन टूट कर उनके हाथ में रह गई। आधी चेन लुटेरे के हाथ लग गई, जिसे लेकर वह पार्क के बाहर इंतजार कर रहे बाइक सवार साथी के साथ भाग निकला। पार्क के अध्यक्ष राम जशनानी ने मामले की जानकारी गोविंद नगर पुलिस को दी। सूचना पर रतनलाल नगर चौकी इंचार्ज अरविंद मिश्रा मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

